दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शनिवार 09 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 136 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







09 May -26 page 1 08-05-26 10:56 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली शनिवार 09 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 136 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# बंगाल के नए 'अधिकारी' शुभेन्दु
## भाजपा विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।

बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने शुभेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उपस्थित सभी भाजपा विधायकों से सहमति ली गई, जिसके बाद उनके नाम पर अमित शाह ने औपचारिक मुहर लगाई।

अमित शाह ने बैठक के बाद कहा हाल ही में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई है और लगभग आठ प्रस्ताव और समर्थन प्राप्त हुए। ये सभी एक ही नाम के लिए थे। दूसरे नाम के लिए भी सभी को समय दिया गया, लेकिन दूसरा नाम सामने नहीं आया। इसलिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मैं शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधान मंडल दल के नेता के रूप में निर्वाचित घोषित करता हूं।

बैठक से पहले अमित शाह ने कोलकाता के प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर में दर्शन के बाद शाह सीधे पार्टी नेताओं के साथ अहम बैठकों में शामिल हुए, जहां सरकार गठन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की गई।

**कैबिनेट गठन पर भी होगी चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक, विधायक दल की बैठक से पहले अमित शाह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सरकार गठन के हर पहलू पर चर्चा करेंगे। इसमें नए मंत्रिमंडल की संरचना, प्रमुख विभागों का बंटवारा और सरकार की प्राथमिकताओं पर मंथन किया जाएगा। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**कोलकाता का ब्रिगेड ग्राउंड तैयार:** कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार के गठन को लेकर पार्टी इसे बड़े सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजन के रूप में पेश करने की तैयारी में है।




# यशोदा मेडिसिटी में थैलेसीमिया केयर सेंटर का शुभारंभ
## आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने किया उद्घाटन

**एकीकृत पहल**

**मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता**




**यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी का उद्देश्य मरीजों को एकीकृत, संवेदनशील और आधुनिक उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा दोनों बेहतर हो सके।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर यशोदा मेडिसिटी ने थैलेसीमिया मरीजों के लिए समर्पित थैलेसीमिया केयर सेंटर की शुरूआत की। इस विशेष केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा भी मौजूद रहे। यशोदा मेडिसिटी द्वारा शुरू किया गया यह सेंटर क्षेत्र की पहली ऐसी एकीकृत पहल माना जा रहा है, जहां थैलेसीमिया मरीजों को आधुनिक इलाज, नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन, जेनेटिक काउंसलिंग, बोन मैरो ट्रांसप्लांट मूल्यांकन और लंबी अवधि की चिकित्सा देखभाल एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्री सुनील शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गंभीर और अनुवांशिक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए इस तरह की विशेष चिकित्सा सुविधाएं समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है और यह केंद्र थैलेसीमिया मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान थैलेसीमिया मास्टरक्लास और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर जोर दिया गया, क्योंकि थैलेसीमिया मरीजों को जीवनभर रक्त की आवश्यकता होती है।

### जागरूकता और समय पर इलाज से बेहतर होगा मरीजों का जीवन : डॉ. पी.एन. अरोड़ा



यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि थैलेसीमिया मरीजों को जीवनभर निरंतर देखभाल और ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी का उद्देश्य मरीजों को एकीकृत, संवेदनशील और आधुनिक उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा दोनों बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि जेनेटिक काउंसलिंग, प्रीनेटल स्क्रीनिंग और समय पर जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाकर आने वाली पीढ़ियों को भी इस बीमारी से बचाया जा सकता है।

# गाजियाबाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता कौशल केंद्र की स्थापना को लेकर अतुल गर्ग ने गूगल प्रतिनिधिमंडल के सामने रखा प्रस्ताव

**गोलमेज चर्चा**

**अतुल गर्ग ने कहा कि आने वाला समय नई तकनीकों का है और युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना समय की आवश्यकता**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'फ्रेंड्स ऑफ एमएसएमई इन पार्लियामेंट' द्वारा आयोजित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल समावेशन विषय पर आयोजित गोलमेज चर्चा कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग ने गूगल के प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में युवाओं और उद्यमियों के कौशल विकास के लिए गूगल के कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समर्पित कौशल केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा। चर्चा के दौरान तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योगों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। अतुल गर्ग ने कहा कि आने वाला समय नई तकनीकों का है और युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने गूगल प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि गाजियाबाद तेजी से विकसित हो रहा औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र है।

यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता कौशल केंद्र स्थापित होने से युवाओं, नए उद्यमों और व्यापारियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और कौशल विकास अभियान को आगे बढ़ाने में ऐसे केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गूगल भविष्य में गाजियाबाद में इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा।

कार्यक्रम में डिजिटल समावेशन, तकनीकी शिक्षा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने के विभिन्न पहलुओं पर भी व्यापक चर्चा हुई।

**नाबालिग से दुष्कर्म मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला**

# 20 साल तक जेल में रहेगा दरिंदा अयान उर्फ लक्की

**फैसला**

**एक लाख जुर्माना भी ठोका**

**ऑपरेशन कन्विक्शन का दिखा असर**




श्री उत्कर्ष वत्स – विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) | मु0आ0 सतकुमार – पैरोकार कन्विक्शन सेल | म0आ0 पूनम राणा – पैरोकार थाना नन्दग्राम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नंदग्राम थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी अयान उर्फ लक्की को कोर्ट ने कठोर सजा सुनाते हुए 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। अदालत ने आरोपी पर 1 लाख रुपये का भारी अर्थदंड भी लगाया है। थाना नंदग्राम में दर्ज पॉक्सो और दुष्कर्म के इस गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, गाजियाबाद की अदालत ने आरोपी अयान उर्फ लक्की निवासी आदर्श नगर, नंदग्राम को दोषी मानते हुए धारा 376(3) भादवि में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 323 भादवि में भी 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपये अर्थदंड लगाया गया।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस केस को अंजाम तक पहुंचाने में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गठित कन्विक्शन सेल की बड़ी भूमिका रही। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह ने मजबूत साक्ष्य जुटाकर विवेचना की, जबकि विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) उत्कर्ष वत्स ने अदालत में दमदार पैरवी कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन कन्विक्शन के जरिए ऐसे अपराधियों को तेजी से सजा दिलाने का अभियान लगातार जारी है।

**नंदग्राम में चला महाभियान**

## 11 करोड़ की निगम भूमि पर चला बुलडोजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे महाअभियान के तहत नंदग्राम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निगम की करीब 11 करोड़ 20 लाख रुपये मूल्य की लगभग 1400 वर्गमीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। नगर निगम संपत्ति विभाग की टीम ने वार्ड संख्या-11 और वार्ड संख्या-6 में अभियान चलाकर खसरा नंबर-228 की भूमि से अवैध कब्जे हटाए। निगम अधिकारियों के अनुसार वार्ड-11 में लगभग 1200 वर्गमीटर तथा वार्ड-6 में करीब 200 वर्गमीटर भूमि पर

शेष, पृष्ठ 8

# कुंभ मेले में बिछड़े झारखंड के युवक को मसूरी थाना पुलिस ने 2 साल बाद परिवार से मिलाया



**मानवीय पहल**

**थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी की लगातार प्रयासों की हर तरफ हो रही है सराहना**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के मसूरी थाना पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए झारखंड के एक मानसिक रूप से बीमार युवक को दो साल बाद उसके परिवार से मिलवा दिया। थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी की संवेदनशीलता और लगातार प्रयासों की हर तरफ सराहना हो रही है। बताया गया कि युवक कुंभ मेले के दौरान अपने परिवार से बिछड़ गया था और मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण भटकते हुए अलग-अलग राज्यों में घूम रहा था। दो दिन पहले वह मसूरी थाना क्षेत्र में मिला। थाना पुलिस ने युवक को अपने संरक्षण में लिया और उसे भोजन, कपड़े व चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई।

इसके बाद पुलिस टीम ने उसकी पहचान और परिजनों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास शुरू किए। काफी मशक्कत के बाद युवक के परिवार का पता लगाया गया और उन्हें गाजियाबाद बुलाकर युवक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने बेटे को दो साल बाद सामने देखकर परिवार भावुक हो उठा। परिजनों ने मसूरी पुलिस और थाना प्रभारी अजय चौधरी का आभार जताया।

### डीसीपी ग्रामीण की पहल का असर



करंट क्राइम : सुरेन्द्रनाथ तिवारी के निर्देशन में ग्रामीण जोन पुलिस लगातार संवेदनशील पुलिसिंग और जनसहयोग की मिसाल पेश कर रही है। मसूरी थाना पुलिस द्वारा मानसिक रूप से बीमार युवक को परिवार से मिलाना इसी मानवीय और जनहितकारी पहल का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है।

# पुलिस लाइन में अधिकारियों के लिए बनेंगे 24 हाईटेक आवास
## चार यूनिट में तैयार होंगे 6-6 फ्लैट्स, परिवार और फॉलोअर के लिए भी होगी विशेष व्यवस्था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लगातार हाईटेक सिस्टम की ओर बढ़ रहा है। थानों और कार्यालयों के आधुनिकीकरण के साथ अब अधिकारियों के आवासीय सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस लाइन परिसर में अधिकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस नए आवास बनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार अधिकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शासन को 24 नए अधिकारी आवासों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। माना जा रहा है कि शासन स्तर से जल्द ही इसकी मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस लाइन में ट्रैफिक कार्यालय के पीछे बहुमंजिला भवन बनाने की योजना तैयार की गई है। इस परियोजना के तहत चार यूनिट में कुल 24 अधिकारी आवास विकसित किए जाएंगे। सभी आवास आधुनिक टाइप-4 शैली में बनाए जाएंगे, जिनमें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

खास बात यह होगी कि अधिकारियों के परिवारों के साथ रहने की बेहतर व्यवस्था के अलावा उनके फॉलोअर या स्टाफ के लिए भी अलग कमरों की सुविधा दी जाएगी, जिसे टाइप-5 व्यवस्था के रूप में विकसित किया जाएगा। भूमि, भवन और पुलिस विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शासन स्तर पर भेजे गए प्रस्ताव पर जल्द निर्णय होने की संभावना है। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद पुलिस लाइन परिसर में आधुनिक आवासीय सुविधा का बड़ा विस्तार देखने को मिलेगा।

## नवंबर तक तैयार होगा चार मंजिला मधुबन बापूधाम थाना



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट में लगातार थानों की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। कविनगर थाना भव्य और आधुनिक स्वरूप में तैयार हो चुका है, जबकि आने वाले समय में विजयनगर और घंटाघर कोतवाली के नए भवन भी लोगों को देखने को मिलेंगे। इसी क्रम में मधुबन बापूधाम थाने का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। भूमि भवन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार एनडीआरएफ रोड पर बन रहे मधुबन बापूधाम थाने की चौथी मंजिल तक का निर्माण कार्य मई तक और पूरे थाने का काम नवंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। यह थाना ग्राउंड फ्लोर प्लस तीन मंजिला स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। नए भवन में थाना प्रभारी कार्यालय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कक्ष, पुलिस बैरक, मिशन शक्ति केंद्र, वरिष्ठ नागरिक सेल, मालखाना, आगंतुक कक्ष समेत कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। भवन को हाईटेक अंदाज में तैयार किया जा रहा है ताकि पुलिस कर्मियों के साथ-साथ फरियादियों को भी बेहतर वातावरण मिल सके।

### सीपी बदल रहे कमिश्नरेट की तस्वीर



**करंट क्राइम :** सीपी जे रविंदर गौड के कार्यकाल में पुलिस लाइन, कार्यालयों और थानों के भवनों में तेजी से सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। आधुनिक संसाधनों और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते पुलिस कर्मियों के कार्यस्थल का माहौल भी सकारात्मक बन रहा है।

# डीएम कंपाउंड की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को मंथन, अधिकारियों ने तलाशे समाधान
**एडीसीपी-एसीपी और पुलिस बल ने संभाली कमान**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एडीसीपी ट्रैफिक वरुण सिंह, एसीपी रितेश त्रिपाठी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं पुलिस टीम के साथ डीएम कंपाउंड पहुंचे, जहां उन्होंने यातायात व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कोर्ट परिसर, डीएम कार्यालय, पुलिस ऑफिस और आसपास के मुख्य मार्गों की स्थिति का जायजा लेते हुए ट्रैफिक संचालन में आ रही समस्याओं को समझा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नो पार्किंग जोन बनाने, सिंगल लेन में वाहनों का संचालन कराने और कोर्ट परिसर व मुख्य मार्गों से लोगों की आवाजाही सुगम बनाने को लेकर चर्चा की। साथ ही जिला अधिकारी कार्यालय और मीडिया सेंटर के बाहर खड़े वाहनों के कारण बनने वाले जाम की समस्या पर भी मंथन किया गया। अधिकारियों ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए स्थायी समाधान तलाशने पर जोर दिया।

इस दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम को निर्देश दिए गए कि अनावश्यक वाहन खड़े न होने दिए जाएं और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए, ताकि आमजन, अधिवक्ताओं और अधिकारियों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने कहा कि डीएम कंपाउंड और आसपास के क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इससे पहले भी कई वरिष्ठ अधिकारी इस क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन डीएम कार्यालय और पुलिस ऑफिस के आसपास जाम और अव्यवस्था की स्थिति लगातार बनी हुई है। ऐसे में अब पुलिस कमिश्नर की सख्ती के बाद ट्रैफिक व्यवस्था में कितना सुधार होता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।



# बिहार में शिक्षक बहाली की राह हुई लहूलुहान

## पटना की सड़कों पर टीआरई 4 अभ्यर्थियों का बड़ा आंदोलन और पुलिसिया कार्रवाई

**बर्बरता**

**बिहार में शिक्षक बहाली का नया 'सिलेबस': पहले लाठी खाओ, फिर विज्ञापन पाओ!**






**पटना।** पटना में टीआरई 4 के विज्ञापन जारी करने और बीपीएससी नियमावली में बदलाव की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस कार्रवाई हुई है। पटना कॉलेज से निकाला गया विरोध मार्च जब जेपी गोलंबर पहुंचा, तो वहां बड़ी संख्या में जुटे हजारों अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बन गई।

**पुलिस ने किया लाठीचार्ज :** इसी दौरान प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए। छात्र नेता दिलीप के नेतृत्व में हो रहे इस आंदोलन में अभ्यर्थी लगातार परीक्षा प्रक्रिया में देरी का विरोध कर रहे थे और जल्द विज्ञापन जारी करने की मांग कर रहे थे। छात्र पटना कॉलेज से निकलकर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के कार्यालय की ओर जा रहे थे, लेकिन उन्हें जेपी गोलंबर पर ही रोक दिया गया। इस दौरान कुछ छात्र नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है।

**अभ्यर्थियों की मांग और आंदोलन :** छात्र नेता दिलीप ने कहा कि टीआरई 4 के लाखों अभ्यर्थी पिछले दो वर्षों से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि 10-15 दिनों में वैकेंसी आ जाएगी, जबकि चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान भी टीआरई 4 का विज्ञापन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया था। दिलीप कुमार ने कहा कि एक ओर सरकार टीआरई 4 की वैकेंसी की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर बीपीएससी अधियाचना मिलने के बावजूद विज्ञापन जारी नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग और बीपीएससी द्वारा लाखों अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर जल्द टीआरई 4 का विज्ञापन जारी नहीं किया गया तो पटना में फिर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**बीपीएससी नोटिस और आरोप :** बीपीएससी ने फरवरी के दूसरे सप्ताह में एक नोटिस जारी कर कहा था कि अधियाचना मिल चुकी है और शीघ्र ही टीआरई 4 का विज्ञापन जारी किया जाएगा, लेकिन अब तक विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। दिलीप कुमार ने आरोप लगाया कि बार-बार टीआरई 4 के अभ्यर्थियों को गुमराह किया गया है। विज्ञापन के इंतजार में हजारों अभ्यर्थियों की उम्र सीमा समाप्त होती जा रही है।

# नोएडा हिंसा मामला: सुप्रीम कोर्ट का आरोपी को जमानत देने से इनकार

**नाराजगी**

**पीठ ने जताई नाराजगी; कहा- हर कोई सीधे अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट क्यों आ रहा है?**





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नोएडा में 13 अप्रैल को हुए मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार एक छात्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आकृति चौधरी की ओर से पेश वकील से कहा कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं।

**शीर्ष कोर्ट ने क्या कहा? :** पीठ ने कहा, आप हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? हर कोई अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर करके यहां आता है। सुप्रीम कोर्ट में 93 हजार मामले पहले से ही लंबित हैं।

> पीठ ने आरोपी के वकील से कहा कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं

**पुलिस अधिकारियों को भी नोटिस :** आकृति चौधरी के वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए और जमानत की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि आकृति चौधरी दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। शीर्ष कोर्ट ने केशव आनंद नाम के व्यक्ति की याचिका पर पुलिस अधिकारियों को नोटिस भी जारी किया, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है।

**नोएडा की कोर्ट ने दी पुलिस रिमांड की अनुमति :** नोएडा की एक कोर्ट ने पहले तीन महिलाओं आकृति चौधरी, मनीषा चौहान और सृष्टि गुप्ता की शर्तों के साथ पुलिस रिमांड की अनुमति दी थी। इन पर 13 अप्रैल के औद्योगिक मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जांच के दौरान उनके वकीलों को मौजूद रहने की अनुमति होगी।

**कौन हैं तीनों छात्राएं? :** आकृति चौधरी और सृष्टि गुप्ता दोनों दिल्ली की रहने वाली हैं और उनकी उम्र 20 के आसपास है। चौधरी ने दौलत राम कॉलेज से इतिहास में स्नातकोत्तर किया है, जबकि मनीषा नोएडा की एक औद्योगिक इकाई में काम करती हैं। पुलिस नेकहा था कि आरोपियों के घर से अहम साक्ष्य मिलने की पूरी संभावना है।

**मामला क्या हुआ था? :** नोएडा में फैक्टरी मजदूरों का विरोध प्रदर्शन वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, कई औद्योगिक इकाइयों के मजदूर लंबे समय से वेतन संशोधन की मांग को लेकर इकट्ठा हुए और नारेबाजी की।

# नासिक धर्मांतरण केस: पुलिस का 'सीक्रेट मिशन' सफल, टीसीएस की पूर्व कर्मचारी निदा खान गिरफ्तार

**अरेस्ट**

**सादे कपड़ों में 20 पुलिसकर्मियों ने 4 दिनों तक घेरा नरेगांव, कानूनी दांवपेच के बीच धरी गई मुख्य आरोपी**




**नई दिल्ली।** नासिक के चर्चित टीसीएस कथित धर्मांतरण मामले में फरार चल रही मुख्य आरोपी निदा खान को पकड़ने के लिए पुलिस ने बेहद गोपनीय और सुनियोजित ऑपरेशन चलाया। गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रही निदा खान आखिरकार छत्रपति संभाजीनगर के नरेगांव इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ गई। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस ने ऐसा तरीका अपनाया कि इलाके के लोगों को कई दिनों तक भनक तक नहीं लगी कि वहां निगरानी की जा रही है।

**निदा कहां छिपी थी? :** जानकारी के मुताबिक, नासिक में सामने आए कथित जबरन धर्मांतरण मामले के बाद से ही निदा खान फरार थी। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी, लेकिन वह हर बार गिरफ्तारी से बच निकल रही थी। मामले की जांच कर रही टीम को मई के पहले सप्ताह में एक अहम सूचना मिली कि निदा खान छत्रपति संभाजीनगर के नरेगांव स्थित कैसर कॉलोनी के एक किराए के फ्लैट में छिपी हुई है।

**पुलिस ने कैसे ट्रैक की निदा की लोकेशन? :** सूत्रों के अनुसार, वह पिछले तीन-चार दिनों से उसी फ्लैट में रह रही थी। उसके साथ उसके पिता, मां, भाई और मौसी भी मौजूद थे। हालांकि पुलिस बिना पुष्टि के कार्रवाई नहीं करना चाहती थी। इसके बाद तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के जरिए उसकी मौजूदगी की पुष्टि की गई।

# विजय ने छुआ बहुमत का आंकड़ा

## कांग्रेस-वीसीके समेत इन दलों से मिला समर्थन

**सफलता**

**सूत्रों के मुताबिक, विजय ने आखिरकार बहुमत का दावा करने के लिए जरूरी सीटों का आंकड़ा पा लिया है**



**चेन्नई।** तमिलनाडु में नई सरकार के गठन को लेकर सियासी खींचतान जारी है। इस बीच खबर सामने आई है कि तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय शुक्रवार की शाम को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात सरकार के गठन को लेकर जारी गतिरोध को सुलझाने और बहुमत साबित करने के लिए होगी।

सूत्रों के मुताबिक, टीवीके नेता विजय को आखिरकार बहुमत का दावा करने के लिए जरूरी सीटों का आंकड़ा पा लिया है। इसमें कांग्रेस की पांच और वीसीके, सीपीएम और सीपीआई की दो-दो सीटें शामिल हैं। इन दलों के समर्थन से विजय ने बहुमत के लिए 118 सीटों के जादुई आंकड़े को छू लिया है।

**राज्यपाल आर्लेकर ने दो बार लौटाया :** राज्यपाल आरवी आर्लेकर के साथ विजय की ये तीसरी मुलाकात होगी। इससे पहले दोनों की मुलाकात बुधवार और गुरुवार को भी हुई थी। दोनों बार आर्लेकर ने विजय के सरकार बनाने के दावे को खारिज करते हुए तर्क दिया कि टीवीके नेता को सदन में बहुमत के लिए जरूरी समर्थन प्राप्त नहीं है।

**टीवीके बनी सबसे बड़ी पार्टी :** विजय की तमिलगा वेट्री कझगम ने पिछले महीने के चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी ने अपने पहले ही चुनावी मुकाबले में 234 में से 107 सीटें जीतकर द्रविड़ राजनीति की दिग्गज पार्टियों डीएमके और एआईएडीएमके के तमिलनाडु में 62 साल के वर्चस्व को तोड़ दिया है।

**कांग्रेस ने सबसे पहले किया समर्थन देने का एलान :** इससे पहले कांग्रेस ने डीएमके के साथ अपना गठबंधन तोड़कर विजय को समर्थन देने का पत्र सौंप दिया था। कांग्रेस की ओर से तमिलनाडु में अन्य क्षत्रपों को भी विजय की टीवीके के साथ लाने की कोशिशें की जा रही थीं। वहीं, टीवीके की ओर से भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे थे।

# केरल: सीएम पद की लड़ाई सड़कों पर आई

## पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी रिपोर्ट



**सीट की जंग**

**पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समर्थक सड़कों पर अपने नेताओं के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं**

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के शीर्ष कमान पर अब केरल के अगले मुख्यमंत्री को चुनने की जिम्मेदारी है। इसी बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला के समर्थक सड़कों और सोशल मीडिया पर अपने नेताओं के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं।

> विधायक दल ने शीर्ष कमान को दिया सीएम चुनने का अधिकार

एआईसीसी के पर्यवेक्षक मुकुल वासनिक और अजय माकन गुरुवार को जब कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में शामिल होने और पार्टी के 63 विधायकों से अलग-अलग बातचीत करने पहुंचे, तब तिरुवनंतपुरम स्थित इंदिरा भवन के पास सांसद केसी वेणुगोपाल के समर्थन में छह बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए। वेणुगोपाल ने केरल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। तिरुवनंतपुरम में लगाए गए वेणुगोपाल के एक फ्लेक्स बोर्ड पर गुरुवार को कथित तौर पर ग्रीस ऑयल फेंक दिया गया।

**वीडी सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन :** दूसरी ओर, राज्य के कई हिस्सों में वीडी सतीशन के समर्थन में प्रदर्शन किए गए। इसके अलावा, अलप्पुझा और कन्नूर जिले के इरिक्कुर में वेणुगोपाल के खिलाफ और सतीशन के समर्थन में पोस्टर लगाए गए। हालांकि, फ्लेक्स बोर्ड की इस लड़ाई में रमेश चेन्निथला काफी पीछे दिख रहे हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर उनके समर्थक लगातार उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। ऐसी खबरें हैं कि वेणुगोपाल को अधिकांश विधायकों का समर्थन हासिल है। लेकिन पार्टी नेताओं ने इस बारे में कोई सीधा बयान नहीं दिया है। इसके बजाय सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया से बातचीत के जरिये अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दिए जा रहे हैं।

नवनिर्वाचित विधायकों के दल ने एक प्रस्ताव पारित कर एआईसीसी अध्यक्ष को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया है। यही नेता आगे चलकर मुख्यमंत्री भी बनेगा। ऐसे में यह त्रिकोणीय मुकाबला अब नई दिल्ली और पार्टी मुख्यालय तक पहुंचने की संभावना है। उम्मीद है कि पर्यवेक्षक शुक्रवार को एआईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

इसके बाद अंतिम चर्चा के लिए केरल के नेताओं को पार्टी मुख्यालय बुलाया जा सकता है।

# शक, शव और सनसनी: पत्नी के आशिक को पति ने दी मौत

**क्राइम**

**चंद्रप्रकाश का शव 37 दिन पहले गेहूं के खेत में मिला था। वह ई-रिक्शा चलाता था**



**भमोरा (बदायूं)।** बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी सिंकू उर्फ मुकेश ने पत्नी से प्रेम प्रसंग होने के शक में आंवला थाना क्षेत्र के आसपुर निवासी दिव्यांग चंद्रप्रकाश की रस्सी से गला कसकर हत्या की थी। हत्या के बाद शव खेत में फेंक दिया। पुलिस ने हत्यारोपी सिंकू को गिरफ्तार किया है। चंद्रप्रकाश का शव 37 दिन पहले सेंधी-ख्योराजपुर मार्ग पर गेहूं के खेत में मिला था। वह ई-रिक्शा चलाता था।

पुलिस के मुताबिक, 30 मार्च को गांव कीरतपुर निवासी विंद्र सिंह ने सोमपाल के खेत में शव मिलने की सूचना दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। शव की पहचान चंद्रप्रकाश के रूप में हुई। चंद्रप्रकाश के पिता वीरपाल की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। सिंकू की पत्नी शिवानी से संबंध था। इसी प्रेम प्रसंग को लेकर आरोपी सिंकू उससे रंजिश मानता था। सिंकू ने योजनाबद्ध तरीके से चंद्रप्रकाश की हत्या की।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सिंकू ने चंद्रप्रकाश को साथ ले जाकर शराब पिलाई। इसके बाद सिंकू ने चंद्रप्रकाश को अपनी पत्नी से बात करने से मना किया।

# जनप्रतिनिधियों को अब फुल प्रोटोकॉल, यूपी सरकार का बड़ा आदेश

- सांसद-विधायकों के सम्मान में खड़े होंगे आईएएस-आईपीएस अफसर, फोन कॉल मिस होने पर करना होगा कॉलबैक




**लखनऊ, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी आईएएस, आईपीएस समेत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों के लिए जनप्रतिनिधियों के सम्मान और व्यवहार को लेकर बड़ा निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेश में साफ कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के साथ शिष्टाचार, सम्मान और संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सरकार के इस आदेश के बाद प्रदेश भर के प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। जारी निर्देशों के मुताबिक यदि कोई सांसद या विधायक किसी सरकारी कार्यालय में पहुंचता है तो संबंधित अधिकारी अपनी सीट से खड़े होकर उनका स्वागत करेंगे। जनप्रतिनिधि के बैठने के बाद उन्हें पानी पीने के लिए पूछा जाएगा और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मामलों पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आदेश में मोबाइल फोन कॉल को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी सांसद या विधायक का फोन आता है तो संबंधित अधिकारी को कॉल रिसीव करनी होगी। यदि अधिकारी किसी मीटिंग या अन्य कारण से फोन नहीं उठा पाते हैं तो बाद में अनिवार्य रूप से कॉल बैक करना होगा। शासन का मानना है कि जनप्रतिनिधि जनता और सरकार के बीच अहम कड़ी होते हैं, इसलिए उनके साथ बेहतर संवाद और समन्वय जरूरी है। मुख्य सचिव की ओर से जारी यह निर्देश केवल आईएएस और आईपीएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी विभागों के सरकारी कर्मचारियों पर भी लागू होगा। शासन ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों के साथ असम्मानजनक व्यवहार या उनकी शिकायतों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार हाल के दिनों में कई जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने, उचित व्यवहार न करने और समस्याओं को गंभीरता से न लेने की शिकायत सरकार तक पहुंचाई थी। इसके बाद शासन स्तर पर यह फैसला लिया गया। सरकार का उद्देश्य प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना बताया जा रहा है।

इस आदेश के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। एक ओर इसे जनप्रतिनिधियों के सम्मान और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नौकरशाही में इसे लेकर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। अब देखने वाली बात होगी कि शासन का यह आदेश जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी साबित होता है।

# केरल: हार के बाद जनता के बीच जाएगी एलडीएफ

**केरल।** केरल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद एलडीएफ गठबंधन ने अपनी कमियां सुधारने का फैसला किया है। एलडीएफ संयोजक टी. पी. रामकृष्णन ने कहा कि वे जनता के पास जाएंगे और अपनी गलतियों के बारे में फीडबैक लेंगे। चुनाव में एलडीएफ को 140 में से केवल 35 सीटें मिली हैं।


गठबंधन की सभी पार्टियां अपनी हार की अलग-अलग समीक्षा करेंगी। रामकृष्णन ने कहा कि पार्टी के भीतर खुली चर्चा होगी और जो लोग खुद को सुधारने के लिए तैयार नहीं हैं, वे पार्टी में नहीं रह पाएंगे।

उन्होंने विपक्ष के नेता के चयन पर कहा कि यूडीएफ द्वारा मुख्यमंत्री का नाम तय करने के बाद ही वे अपना नेता चुनेंगे। उन्होंने पिनाराई विजयन के नाम पर किसी भी मतभेद की खबरों को गलत बताया। गठबंधन अब अपनी नीतियों में बदलाव करने और जनता का भरोसा फिर से जीतने की कोशिश करेगा।

# आम घरों तक पहुंचा थैलेसीमिया अब तक 30 परिवार हुए पीड़ित

**स्वास्थ्य**

**पीड़ित बच्चों को जिंदा रहने के लिए हर 7 से 15 दिन में ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराना पड़ रहा है**



**अलीगढ़।** थैलेसीमिया अब किसी एक समुदाय या वर्ग तक सीमित बीमारी नहीं रही। यह आनुवांशिक रक्त रोग अब सामान्य आबादी में तेजी से फैल रहा है और कई परिवारों के लिए जिंदगी भर का संघर्ष बन गया है। हालात यह हैं कि पीड़ित बच्चों को जिंदा रहने के लिए हर 7 से 15 दिन में ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराना पड़ रहा है।

विश्व थैलेसीमिया दिवस से एक दिन पहले 7 मई को जब अलीगढ़ जिले में थैलेसीमिया प्रसार को लेकर पड़ताल की तो पाया कि जेएन मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पहला थैलेसीमिया सेंटर है जहां सिर्फ एक या दो नहीं बल्कि 14 से भी ज्यादा जिलों के थैलेसीमिया पीड़ित उपचार के लिए आते हैं। यहां 262 मामले पंजीकृत हैं जो अलीगढ़ के अलावा हाथरस, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, संभल, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, नोएडा और मथुरा के निवासी हैं। इस बीच यह भी पता चला कि अलीगढ़ जिले में ही 30 परिवार थैलेसीमिया से लड़ रहे हैं। इनमें ऐसे परिवार भी हैं जिनमें एक से अधिक मामले हैं।

# नागालैंड-मणिपुर में उग्रवादियों पर नकेल, हथियार बरामद

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्यों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। नागालैंड के दीमापुर में सात उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया। इन उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के सामने कई पिस्तौल, बंदूकें और भारी मात्रा में गोला-बारूद जमा कराया। असम राइफल्स ने इन युवाओं को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया था। वहीं, मणिपुर के सेनापति जिले में असम राइफल्स ने एक बड़े अभियान के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पहाड़ियों में छिपाकर रखे गए इन हथियारों में एके-47, एमपी5 राइफल और कई अन्य घातक हथियार शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने बताया कि ये हथियार किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकते थे। बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। सुरक्षा बल क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं।

# यूपी में राष्ट्रीय लोक अदालत आज कई तरह की समस्याएं होंगी हल

**जन सहूलियत**

**बिजली, मुआवजा, बैंक रिकवरी और पुराने चालान जैसे मामले हो सकते हैं हल**




**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 9 मई को सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके सफल संचालन के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण कराएं। प्रत्येक विभाग से एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए तथा सभी बैंक संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर बैंक रिकवरी से जुड़े मामलों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन की मदद से जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आमजन की भागीदारी बढ़ाई जा सके। डिजिटल प्लेटफॉर्म व आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आमजन को इसके लाभों से अवगत कराएं। प्रचार-प्रसार के लिए आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को भी शामिल किया जा सकता है। पक्षकारों को समय पर नोटिस और समन की तामील सुनिश्चित की जाए। बैंक वसूली मामले के नोटिस तामील कराने में चौकीदारों की सहायता ली जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। शनिवार 09 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

**Sudhir Goel**
41m

हमारे आदरणीय और गाजियाबाद ही नहीं पूरे भारत मै अपनी पेंटिंग के लिए प्रसिद्ध हमारे मित्र श्री dr. लाल रत्नाकर जी जिन्होंने गाजियाबाद कविनगर मै कला धाम विकसित किया और देश के अग्रणीय चित्रकारों की पेंटिंग वहां सुशोभित करवाई आज अनायास ही मेरी एक फोटो को उन्होंने अपनी पेंटिंग के साथ जोड़कर मुझको जो सम्मान दिया उसके लिए मै और मेरी धर्मपत्नी हृदय से आभार व्यक्त करते है !








## जब अपने पुराने शिक्षक को देखकर भावुक हो गए एमएलसी
### बीएससी में पढ़ाने वाले गुरुजी पहुंचे थे वोट बनवाने के लिए दिनेश गोयल के पास



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरु शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की सबसे पवित्र और सम्मान की परंपरा मानी जाती है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से बड़ा दर्जा दिया गया है। गुरु की तुलना भगवान से बड़ी है और गुरु का संबंध अपने शिष्यों से आत्मीय रहात है और शिष्य भी कितने ही बड़े ओहदे पर पहुंच जाए और कितने ही बड़े कद के हो जाएं, लेकिन जैसे ही जीवन के किसी भी मोड़ पर उनका सामना अपने शिक्षक से होता है तो शिक्षा जीवन की पूरी तस्वीर जीवंत हो जाती हैं। जज्बात उभर आते हैं और यकायक समय पीछे लौट आता है। एक ऐसा ही मामला एमएलसी दिनेश गोयल के साथ हुआ। जब वो अपने शिक्षक डॉ. चंद्रभूषण को देखकर भावुक हो गए।

दरअसल ये एक ऐसा क्षण था जब ना गुरु को उम्मीद थी, ना शिष्य को उम्मीद थी कि दोनों ऐसे मोड़ पर मिलेंगे। एक शिक्षक के लिये सबसे बड़ी उपलब्धि ये थी कि जिस शिष्य को उन्होंने पढ़ाया है वो शिष्य आज एमएलसी हो गया है। वो शिष्य आज शिक्षाविद हैं और मिलन का मोड़ ऐसा है कि गुरुजी अपने शिष्य के पास ही एमएलसी वोट बनवाने के लिये पहुंचे।

जब 91 वर्ष की आयु में डॉ. चंद्रभूषण एमएलसी दिनेश गोयल के सामने पहुंचे तो उन्हें देखकर एमएलसी दिनेश गोयल भावुक हो गये और अपने गुरु को सामने देखकर उनकी आंखे नम हो गईं। एमएलसी दिनेश गोयल ने सबसे पहले अपने गुरुदेव के चरण स्पर्श किये, उनका आशीर्वाद लिया और कहा कि एक शिष्य के लिये इससे बड़ा सम्मान क्या होगा।

### जिन्होंने फिजिक्स पढ़ाया वो आए थे वोट बनवाने

एमएलसी दिनेश गोयल के लिये ये दिन बेहद सुखद और यादों से भरा हो गया। उन्होंने इस बात को कहा कि मेरे पुज्य गुरुदेव डॉ. चंद्रभूषण ने बीएससी में मुझे फिजिक्स पढ़ाया था। मेरे जीवन की दिशा तय की और समय का चक्र देखिये कि 91 की आयु में वो स्वयं स्नातक एमएलसी चुनाव हेतु अपना वोट बनवाने मेरे कार्यालय पधारे। जिस गुरु ने ब्लैक बोर्ड पर फॉमूर्ले सिखाए आज वो लोकतंत्र की पाठशाला में अपना कर्त्तव्य निभाने आये। आपकी ऊर्जा और कर्त्तव्यनिष्ठा हम सभी युवाओं के लिये प्रेरणा है।

### उम्र के इस पड़ाव पर लोकतंत्र की ये चेतना है सभी के लिए प्रेरणा

गुरु- शिष्य का मिलन हुआ और शिष्य भावुक हो गये। शिष्य खुद कॉलेजों के मालिक हैं, एमएलसी हैं और परिवार से लेकर कॉलेज तक उन्होंने अच्छे संस्कार हासिल किये हैं। बड़ी बात ये थी कि एमएलसी दिनेश गोयल के शिक्षक डॉ. चंद्रभूषण का लोकतंत्र के प्रति समर्पण एक मिसाल है। आज जब देश के लाखों युवा ना वोट बनवाने जाते हैं, ना वोट देने जाते हैं तब ऐसे में 91 की आयु में डॉ. चंद्रभूषण स्नातक-एमएलसी चुनाव के लिये अपना वोट बनवाने के लिये गये। लाखों युवा स्नातक ना वोट बनवाने में रुचि लेते हैं। ऐसे में इस वर्ग को डॉ. चंद्रभूषण जैसे व्यक्तित्व से एक सीख लेने की जरूरत है। लोकतंत्र क्या होता है, लोकतंत्र की ताकत क्या होती है, लोकतंत्र में मतदाता ही भाग्यविधाता होता है और भाग्यविधाता को जागरुक रहना चाहिए।

## जन्मदिन पर खूब सजा पवन गोयल का दरबार
### जनप्रतिनिधियों से लेकर कार्यकर्ताओं के हुए दीदार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में शुकामनाओं के भी अर्थ होते हैं और राजनीति में जिनके पास समर्थक होते हैं वही लोग समर्थ होते हैं। राजनीति में अब जन्मदिन या अन्य आयोजन भी टीआरपी का तराजू माने जाते हैं।

ये आयोजन बताते हैं कि व्यक्ति की राजनीतिक हैसियत क्या और सामाजिक हैसियत क्या है। आयोजन में आने वाली भीड़ बताती है कि व्यक्ति का कद क्या है। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का जन्मदिन शुक्रवार को था। उनके जन्मदिन पर उनके आवास पर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का एक तांता लगा रहा। लोहियानगर का आवास वैसे भी खास है। ये आवास वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. फतेहचंद गोयल का आवास है। ये आवास जिला जज हरीशचंद गोयल का आवास है। ये आवास भाजपा के पार्षद, भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष तथा वर्तमान में जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का आवास है।

इस परिवार की अपनी एक सामाजिक प्रतिष्ठा है, इस परिवार अपना एक राजनीतिक प्रोफाइल है। ये शिक्षाविद परिवार है, ये सामाजिक परिवार है। पवन गोयल भाजपा नेता हैं और उनके नाम कई उपलब्धियां हैं। जन्मदिन पर उन्होंने अपने आवास पर सभी का स्वागत किया। शुभकामनाओं के लिये आ आभार व्यक्त किया। अब जब यहां जनप्रतिनिधियों से लेकर कार्यकर्ता भी पहुंचे। जब यहां पूर्व वालों से लेकर वर्तमान वाले भी पहुंचे तो एक बार फिर वर्तमान के राजनीतिक हालात से भविष्य की सियासी तस्वीर का खाका खींचा गया। पवन गोयल राजनीतिक व्यक्तित्व हैं। विधानसभा की दावेदारी में उनका नाम कई बार चला है और बड़ी प्रबलता से चला है। मजबूती से जब कोई नाम चलता है तो उसके संदेश दूर तक जाते हैं। पवन गोयल का नाम एक बार फिर विधानसभा वाली चर्चा में आ गया है। जन्मदिन पर उनके घर पर सजा दरबार और लोगों के होते दीदार बता रहे हैं कि 2027 के विधानसभा चुनावी रण में ये दावेदारी मजबूती से सामने आएगी।

पवन गोयल शहर सीट पर दावेदारी कर रहे हैं। अब वो शहर से सीट से दावेदारी करेंगे, मुरादनगर सीट से दावेदारी करेंगे या फिर साहिबाबाद सीट से दावेदारी करेंगे इसको लेकर वो अभी कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन सियासी जानकार ये आंकलन कर रहे हैं कि दावेदारी तो होगी और जरूर होगी।

पवन गोयल के मजबूत राजनीतिक संबंध हैं। वो भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं और हमेशा एक्टिव रहते हैं। जन्मदिन पर भी एक चीज जो स्पष्ट दिखाई दी वो ये कि पवन गोयल ने अपना जन्मदिन घोषणा करके नहीं मनाया। जन्मदिन सेलिब्रेशन के लिये उन्होंने कोई बैंक्वेट हॉल बुक नहीं कराया। वो अपने आवास पर ही रहे और उनके जन्मदिन को खास बनाने के लिये उनके आवास पर मंत्री पहुंचे, जनप्रतिनिधि पहुंचे और संगठन पदाधिकारी पहुंचे। बड़ी बात ये रही कि समर्थकों का एक मेला उनके आवास पर रहा। एक जननेता के लिये यही वो चीजें होती हैं जो उसे राजनीति में एक कद प्रदान करती हैं। जन्मदिन के केक से विधानसभा की दावेदारी बाहर आती दिखाई दे रही है। पवन गोयल वैसे भी वैश्य समाज के मजबूत चेहरों में गिने जाते हैं। ऐसे में बर्थडे सेलिब्रेशन से 2027 के इलेक्शन की दावेदारी का कनेक्शन जुड़ रहा है।

## रह गया सिर्फ आज का दिन बाकी : पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की
## दिखाई देगी सामाजिक ताकत की मजबूत झांकी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा राजनीति का एक ऐसा नाम हैं जिन्होंने कई मौकों पर अपनी ताकत दिखाई है। उन्होंने अपनी सियासत की शुरूआत ही निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़कर की थी। उनकी ओपनिंग ही अपनी खुद की ताकत दिखाने से हुई थी। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा एक बार फिर ताकत का मुलाईजा करने जा रहे हैं। वो दस मई को वसुन्धरा के मैदान पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन करने जा रहे हैं। इस महोत्सव को पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के सियासी नजरिये से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा जब ये आयोजन कर रहे हैं तो इस आयोजन पर पक्ष और विपक्ष सभी की नजरें हैं। एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है, बड़ा टैन्ट लगाया गया है। इस आयोजन में नेता प्रतिपक्ष माताप्रसाद पांडेय आ रहे हैं। बड़ी बात ये है कि आयोजन के जरिये पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा एक बड़ा संदेश इस मैदान से देंगे। इस आयोजन पर इसलिए भी सभी की नजरें हैं क्योंकि ये आयोजन ऐसे समय में कोई विपक्ष का नेता कर रहा है जब बड़े बड़े नेता ऐसा साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। एक बहुत बड़ा मैदान और उस मैदान में भीड़ का तूफान अपने आप में एक संदेश दे रहा है कि अमरपाल शर्मा सियासत में एक ऐसा नाम है जिनके पास अपना खुद का जनाधार है। अब एक दिन बाकी रह गया है। दस मई को शाम चार बजे ये आयोजन होगा और ये मैदान इस बात का गवाह बनेगा कि बिरादरी के कितने ब्रदर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के साथ हैं। जिस तरह से आयोजन की तैयारी हो रही है उससे ये माना जा रहा है कि यहां एक बड़ी संख्या में लोग आयेंगे। इस महोत्सव की चर्चा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक है। चर्चा का होना स्वभाविक हैं क्योंकि अमरपाल शर्मा राजनीति के एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने लहर पर ब्रेक लगाये हैं। खोड़ा नगरपालिका जैसी सीट को उन्होंने निर्दलीर्य चुनाव लड़कर जीता है। बागपत जैसी लोकसभासीट पर कम समय मिलने के बाद मजबूती से अपनी ताकत दिखाई । इसलिए ये जन्मोत्सव भी सफल होगा। कहा ये भी जाता है कि अमरपाल शर्मा जनाधार वाले नेता हैं। वो टीम वाले नेता है और वो होर्डिंग वाले नेता नहीं है। वो जमीन पर काम करते हैं और एक बड़ी संख्या को जुटान की क्षमता रखते हैं। जो लोग पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को जानते हैं वो ये भी कहते हैं कि वो राजनीति का एक ऐसा नाम हैं जो तन से लगते हैं, मन से लगते हैं और धन से लगते हैं। ऐसे ही कोई नाम अमरपाल शर्मा नहीं हो जाता है। वो ऐसे नेता हैं जो अपने लोगों को हमेशा साथ लेकर चलते हैं। वो ऐसे नेता माने जाते हैं कि जो 12 महीने चुनाव लड़ते हैं। वो राजनीति को जीते हैं और एक ऐसे धुरन्धर हैं जो चुनाव हारने के बाद भी हथियार नहीं डालते हैं, वो लगातार मेहनत करते हैं। अब वो दस मई को शाम चार बजे अपनी ताकत दिखाने जा रहे हैं। उनके कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विपक्ष वाले भी समीक्षा कर रहे हैं। वो जानते हैं कि एक बड़ी भीड़ जुटने वाली है। इस आयोजन की सफलता का अंदाजा इससे लगाया जा सकत है कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपने इस आयोजन के लिए 50 -100 नही बल्कि पूरे 500 वालियंटर लगाये हैं। भोजन की विशेष व्यवस्था है और विपक्ष में रहकर इतनी बड़ी जनसभा का आयोजन करना हर किसी के बस की बात नहीं है। अमरपाल शर्मा के पास एक जोरदार नामों की फिगर है। बड़ा कार्यक्रम अपने दम पर कर लेने का जिगर है। उनका ये आयोजन टिकट के समीकरणों को प्रभावित करेगा। क्योंकि जब एक नेता अपनी भीड़ के साथ केसरिया गढ़ में शंखनाद करेगा तो इसकी गूंज पूरे यूपी में सुनाई देगी। एक संदेश यहां से जायेगा। और जाहिर सी बात है कि इस आयोजन के बाद अमरपाल शर्मा का चेहरा सियासत के मजबूत और वजूददार चेहरे के रूप में सामने आयेगा।

## आईजीआरएस रैंकिंग में गाजियाबाद पुलिस का शानदार प्रदर्शन, 24 थाने रहे नंबर वन

### 271 में से 267 शिकायतकर्ताओं ने पुलिस कार्रवाई पर जताई संतुष्टि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट ने अप्रैल माह की आईजीआरएस रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी मजबूत कार्यशैली का परिचय दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 24 थानों ने 100 में 100 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 271 में से 267 शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर संतुष्टि जताई है। रैंकिंग में थाना लोनी, साहिबाबाद, नंदग्राम, भोजपुर, मुरादनगर, निवाड़ी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, सिहानी गेट, खोड़ा, लोनी बॉर्डर, मसूरी, ट्रोनिका सिटी, टीलामोड़, इंदिरापुरम, महिला थाना, लिंक रोड, कविनगर, शालीमार गार्डन, विजयनगर, बापूधाम, वेव सिटी, मोदीनगर और अंकुर विहार को 100 में 100 अंक प्राप्त हुए। जबकि थाना कोतवाली को 99 अंक मिले। बेहतर प्रदर्शन पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सभी थाना प्रभारियों और सहयोगी पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की घोषणा भी की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी के भंडारे में एक महानमंत्री के नजर नहीं आने की हो रही थी चर्चायें? कहने वाले ने कहा कि उनको व्यक्तिगत सूचना नहीं दी गयी थी? वो इसलिए नहीं आये? कहने वाले ने कहा जब से उन्हें मिला है ये वाला ताज? तब से भाव खाना लाजमी तो हैं साहब? वैसे हम उनसे पूछना चाहते हैं यही सवाल? जब उनके दिल में थी महान बनने की तमन्ना? तब कभी आया था उनके दिल में व्यक्तिगत निमंत्रण का ख्याल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ऐसा नजारा कभी कभी दिखता है यारा? जब पूरब और पश्चिम का आना हो एकसाथ? हम सच कह रहे हैं? कुछ ऐसी ही हुई गोयल जी के घर पर ये बात? उनको क्रान्तिकारी विधानसभा के पूरब और पश्चिम देने पहुंचे थे बधाई? कहने वाले ने कहा कि ये नजारा देखकर हमें एक ही घाट पर सभी के पानी पीने वाली बात याद आयी? जो भी हो गोयल साहब में है कुछ तो तंत? कुछ सीमाओं का आकर उनकी दहलीज पर हो जाता है अंत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ने ठोकी है साहिबाबाद सीट से खुलकर विधानसभा वाली दावेदारी? तब से तरह तरह की चर्चायें हो रही है जारी? कहने वाले ने कहा इसी बीच हमने एक बैंकट हॉल में देखा बहुत ही रोचक नजारा? साथ साथ हैवीवेट वाले और मिस्टर शर्मा बैठे थे? मुस्कुराहट के अलावा कोई नहीं हुआ इन दोनों की बीच में ईशारा? दस मिनट बैठे रहे ये दोनों एक साथ? मगर नहीं हुई इनकी आपस में बात? जबकि चर्चाओं का माहौल इन दिनों है गर्म? गजब होते हैं ये नेता, संभाल लेते हैं दिल में हर तरह के जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब नहीं बन रहे हैं नीचे बैठक के हालात? सुना है अब मामला नाक की लड़ाई तक पहुंच गया है साहब? सुना है चौधरी साहब ने बैठक के लिए प्रमुख सचिव, मंडल कमिश्नर, विभाग के मंत्री जी को लिख दिया है बैठक नहीं होने का लैटर? बहुत ही सीरियस हो चुका है अब ये मैटर? सुना है अब लेने वालों ने इस लैटर को ले लिया है दिल पर? अब देखना ये है कि कौन जीतेगा ये वाली लड़ाई? इधर अगर चिंगारी है तो उधर लैटर के बाद लपटें उठ रही हैं भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहाड़ी एरिया वाले लोग गये विधायक जी के पास? वो उनसे बोले हम हाशिये पर चल रहे हैं? आप मजबूत करो हमारी बात? सुना है विधायक जी ने कहा मैं हूं हर सूरत में आपके साथ? फिर सामने से आवाज आयी कि जब हम पार्टी कार्यालय पर जाते हैं? तब वहां पर बैठा एक शख्स हमसे कहता है कुछ और ही बात? वो बोलता है कि आजतक तो विधायक जी ने आपके लिए मुझे नहीं भेजा है पैगाम? अब आप ही बताओ कैसे मजबूत करूं मैं आपका नाम? जब निकले ये शब्द तब हैरानी वाला माहौल बन गया था श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के भगवा मैम्बर के दिल में भगवान जी करते हैं वास? मगर कोई उन्हें बुड्ढा बोले तो उनको नहीं होता बर्दाश्त? भले ही उन्होंने कही हो अपने यहां पर आये लोगों से मजाक मजाक में ये बात? मगर करा तो दिया उन्होंने अपने जज्बातों का अहसास? वो बोले कि कोई मुझे भले ही दे दे गाली? भले ही ना बजाये कोई मेरे पक्ष में ताली? नहीं पड़ता है मुझे इस बात से कोई फर्क? मगर बुड्ढा सुनना नहीं है मुझको बर्दाश्त? समझने वाले समझ गये थे आखिर क्या संदेश देना चाह रहे थे भाई साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के ठाकुर मैम्बर ने वृन्दावन में कर ली है बड़ी आवासीय योजना लाने की तैयारी? सुना है विला बनाने का काम बहुत ही जोरों पर होने जा रहा है जारी? पता चला है इन मैम्बर पर है बड़े चेहरे का भी आशीर्वाद? आने वाली 11 तारीख को ये दिखाई दे सकते हैं इनके साथ? ये मैम्बर जनता की आवाज खुलकर उठाते हैं? मगर आजकल खामोश हैं हाउस टैक्स के मुद्दे पर इनके अल्फाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन तीनों में चल रहा है उठाने का कॉम्पिटिशन? वो क्यों उनके इतने भाव उठा रहे हैं जानने वाले जानना चाहते हैं इस बात का रीजन? कहने वाले ने कहा जैसे उनकी ताजपोशी हुई है? वैसी व्यवस्था से इनकी भी ताजपोशी हुई है साहब? फिर ना जाने क्यों ये तीनों ले रहे हैं इतना ज्यादा तनाव? कहने वालो ने कहा कि इनको इस बोझ से करना होगा खुद को रिलैक्स? वो मैरिट पर अपने साथियों का आंकलन करते हैं? जो अच्छा काम करता है वो ही होता है उनके लिए बेस्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दो महानमंत्री प्रभारी वाली घोषणा के मैटर में खेल रहे हैं पूरी चतुराई से ये गेम? वो प्रयास कर रहे हैं कि हर मंडल में उनकी स्टाम्प का प्रभारी बने? ताकी निगम चुनावों में मजबूत रहे इन दोनों का क्लेम? सुना है ये योद्धा से भी करा रहे हैं फाईल पास? जब यहां बात नहीं बन रही तो ये फाईल पहुंचा रहे हैं वेस्टर्न वालों के पास? कहने वाले ने कहा कि खिलाड़ी तो ये वैसे पुराने हैं मगर अब इनके दांव पेंच पहले से भी शार्प हो गये हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ज्यादा दिमाग लगाकर मत सोचना? अंदर सेपता चली है हमको गहरी बात? आने वाले तीन दिनों में हो जायेगी मंडल के प्रभारियों की घोषणा? लगभग 300 प्रभारियों का होगा एक साथ एलान? जाहिर सी बात है इसमें होगा गाजियाबाद का भी नाम? इसलिए जिसे करना है वो करले ठीक से प्रयास? फिर बाद में ना बोले कि आपने हमको अलर्ट नहीं किया था मौके पर भाई साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# बिहार में नई दिशा

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए हैं और वहां नई सरकार के शपथ का स्वाभाविक ही इंतजार चल रहा है। इस बीच, बिहार में मंत्रिमंडल का पुनर्गठन खास बन गया है और इस पर सबकी निगाह है। इस शपथ ग्रहण के साथ बिहार की राजनीति और सत्ता एक नई दिशा में बढ़ चली है। इसे हम पीढ़ीगत परिवर्तन भी कह सकते हैं। करीब दो दशक तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भी मंत्री बनाए गए हैं और इसकी चर्चा ज्यादा होना स्वाभाविक है। पचास वर्षीय निशांत कुमार तब राजनीति में आए हैं, जब उनके पिता अति-सक्रिय राजनीति से कुछ पीछे हट रहे हैं और मुख्यमंत्री पद भी छोड़ दिया है। यहां लोग वंशवाद की चर्चा करेंगे, पर यह अपने आप में विरल है कि सत्ता में अपने पुत्र को लाने के लिए न पिता लालायित थे और न पुत्र में ऐसी कोई लालसा दिखाई पड़ रही थी। अक्सर भारतीय राजनीति में पिता-पुत्र का सत्ता-संघर्ष भी देखा गया है, पर इस मोर्चे पर नीतीश कुमार और उनके पुत्र एक मिसाल हैं। निशांत कुमार बिहार में नीतीश कुमार की पूरी भरपायी तो नहीं कर पाएंगे, पर उनसे लोगों को उम्मीदें जरूर होंगी। बहरहाल, यह भी गौर करने की बात है कि निशांत कुमार चाहते, तो उप-मुख्यमंत्री का पद भी मांग सकते थे, पर वह केवल मंत्री बनने के लिए किसी तरह से तैयार हुए। अभी भी बिहार में जहां भाजपा का मुख्यमंत्री है, तो दो उप-मुख्यमंत्री जद-यू से आते हैं। बिहार के मंत्रिमंडल में फेरबदल के तहत सत्तारूढ़ गठबंधन के 32 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है। सत्ता साझा करने के मामले में भाजपा और जदयू के बीच बेहतरीन समन्वय दिखा है। भाजपा सहज ही जदयू को अपना बराबर का सहयोगी मानकर चल रही है। एलजेपी (रामविलास) के दो, एचएएम और आरएलएम से एक-एक नेता को मंत्रिमंडल में शामिल कर सरकार को मजबूत बनाया गया है। अब एक ऐसे मंत्रिमंडल का गठन हो गया है, जिसे आगामी साढ़े चार साल तक बिहार की सेवा करनी है। यह इतिहास में दर्ज है, नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री रहते बिहार में बहुत सुधार किए, पर अभी इस राज्य को बहुत आगे ले जाने की जरूरत है। जो खूबियां नीतीश कुमार के समय इस राज्य में पैदा हुईं, उन्हें संजोते हुए विस्तार देना होगा। मंत्रिमंडल में किस जाति, किस उपजाति को कितना प्रतिनिधित्व मिला, ये मामूली तथ्य हैं, असली सवाल तो यह है कि समग्रता में मंत्रिमंडल का प्रदर्शन कैसा रहेगा? समय आ गया है कि मंत्रिमंडल को किसी जाति के चश्मे से नहीं, योग्यता की दृष्टि से देखा जाए। किसी भी सरकार को उसके आंतरिक जातिगत-क्षेत्रगत समीकरण से नहीं, उसके काम से परखा जाना चाहिए। कोई संदेह नहीं, लालू प्रसाद यादव के बाद से बिहार में सामाजिक चेतना ज्यादा बलवती हो रही है, पर उसे ज्यादा अनुशासित ढंग से सही रचना शक्ति में बदलने का काम शेष है। बिहार की जनशक्ति व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। एक अच्छी सरकार वही होगी, जो इस जनशक्ति का अधिकतम सदुपयोग कर सकेगी। समाज में जरूरी बदलाव तभी आएंगे, जब सामाजिक संकेतकों के मामले में यह राज्य और तेजी से तरक्की करेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अन्य अंगुलियों की अपेक्षा बीच वाली अंगुली के नाखून तेजी से बढ़ते हैं।
- एक वयस्क मानव के लिए केवल एक कदम उठाने से 200 मांसपेशियों का उपयोग होता है।
- शरीर में सबसे बड़ा ग्लैंड जिगर यकृत (liver) है।
- नाक और कान लगातार बढ़ते रहते हैं।
- मानव मस्तिष्क में एक मेमोरी क्षमता हार्ड ड्राइव में चार से अधिक टेराबाइट्स के बराबर होती है।
- पैर के नाखूनों की तुलना में हाथ के नाखून चार गुना तेज बढ़ते हैं।
- एक मानव कंकाल हर 10 साल में खुद को पूरी तरह से नवीनीकृत करता है।
- मनुष्य के शरीर में लगभग 650 मांसपेशियां होती है।
- उंगलियों के निशान की तरह जीभ भी प्रिंट हैं।
- जब आप छींकते है तो आपके दिल की धड़कन कुछ मिलीसेकेंड के लिए रुक जाती है।
- मनुष्य के बालों का औसतन जीवनकाल 3 से 7 साल होता है।
- मानव त्वचा बनाने वाली त्वचा कोशिकाएं उसी प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जो मानव मुंह में होती हैं।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। मन परेशान हो सकता है।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी पुराने मित्र से पुन: सम्पर्क हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। माता-पिता का साथ मिलेगा। सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। आलस्य की अधिकता रहेगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु यात्रा खर्च भी बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन:** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# अमेरिका-ईरान तनाव से शेयर बाजार में भारी गिरावट

## सेंसेक्स 516 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला, होर्मुज तनाव से निवेशकों में बढ़ी चिंता

### डॉलर के मुकाबले रुपया भी कमजोर पड़ा




**नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान सैन्य कार्रवाइयों के कारण शेयर बाजार में आई भारी गिरावट के बारे में पढ़ें। सेंसेक्स और निफ्टी का हाल, पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य तनाव ने वैश्विक स्तर पर निवेशकों की चिंताओं को गहराई से बढ़ा दिया है। इस ताजा तनाव के कारण क्षेत्र में युद्धविराम की उम्मीदें कमजोर हुई हैं, जिसका सीधा असर शुक्रवार को भारतीय इक्विटी बाजार पर देखने को मिला।

भारी मुनाफावसूली के चलते घरेलू बाजार दबाव में रहे और दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई (बीएसई) सेंसेक्स 516.33 अंकों (0.66 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 77,328.19 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 150.50 अंक (0.62 प्रतिशत) फिसलकर 24,176.15 के स्तर पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के हेड ऑफ रिसर्च, विनोद नायर के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ताजा सैन्य कार्रवाई के कारण बाजार में 'रिस्क-ऑफ' (जोखिम से बचने) का माहौल देखा गया है, जिसने मुनाफावसूली को प्रेरित किया। हालांकि, इस दबाव के बीच कुछ सकारात्मक कारक भी हैं। नायर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर रहने और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के नरम होने से समग्र बाजार भावनाओं और भारतीय रुपये को लगातार समर्थन मिल रहा है।

**बढ़त वाले सेक्टर:** आईटी (आईटी) इंडेक्स ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया और यह 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप गेनर बनकर उभरा। इसके साथ ही एफएमसीजी इंडेक्स में 0.19 प्रतिशत और मीडिया इंडेक्स में 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी दर्ज की गई।

**गिरावट वाले सेक्टर:** दूसरी ओर, पीएसयू बैंक इंडेक्स में सबसे अधिक बिकवाली का दबाव रहा और यह 3 प्रतिशत से अधिक टूट गया। मेटल इंडेक्स में 0.87 प्रतिशत, ऑटो में 0.29 प्रतिशत और फार्मा सेक्टर में 0.10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

**सोने-चांदी और कच्चे तेल में उबाल:** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतें गुरुवार को फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। कमोडिटी बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल जारी है। 24 कैरेट सोने की कीमत 0.25 प्रतिशत बढ़कर 1,52,645 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ 2,61,252 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर सतर्कता के माहौल के बीच एशियाई बाजार भी बड़े पैमाने पर गिरावट के साथ बंद हुए। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.35 प्रतिशत गिरकर 62,613 पर, सिंगापुर का स्ट्रेट्स टाइम्स 0.41 प्रतिशत फिसलकर 4,921 पर, हांगकांग का

# देश में और बढ़ेगी बिजली की मांग पावर शेयरों में दिख सकता है दम

**नई दिल्ली।** अगर आप 2026 में शेयर बाजार की उथल-पुथल से परेशान हैं तो थोड़ा धैर्य रखते हुए बिजली क्षेत्र की ओर नजर डालिए। जहां व्यापक बाजार दबाव में रहा, वहीं पावर शेयरों ने पिछले कुछ हफ्तों में निवेशकों को चौंकाया है। बीएसई पावर इंडेक्स ने पिछले एक महीने में करीब 21 फीसदी की मजबूत रैली दिखाई है। पिछले छह महीने में यह बढ़त करीब 24 फीसदी तक पहुंच गई है। यह तेजी सिर्फ बाजार की चाल नहीं, बल्कि देश की बदलती बिजली जरूरतों और ऊर्जा नीति का संकेत भी है।

गर्मी, कम बारिश की आशंका, एसी-कूलिंग की जरूरत, कृषि का भार और औद्योगिक गतिविधियों के कारण बिजली खपत में तेजी बनी रह सकती है। पावर शेयरों की बढ़त के पीछे सबसे बड़ी वजह देश में बिजली की यही खपत है। अप्रैल 2026 में भारत ने 256.1 गीगावॉट की अब तक की सबसे अधिक पावर मांग दर्ज की। इससे पहले मई 2024 में 250 गीगावॉट का रिकॉर्ड बना था। सरकार के मुताबिक, यह मांग बिना किसी कमी के पूरी की गई। बाजार की नजर अब बिजली और न्यूक्लियर वैल्यू चेन वाली कंपनियों पर है। एलएंडटी न्यूक्लियर ईपीसी में अहम भूमिका निभा सकती है। भेल टरबाइन, बॉयलर और महत्वपूर्ण उपकरणों की



आपूर्ति से जुड़ी है। एनटीपीसी और एनएचपीसी स्वच्छ ऊर्जा और न्यूक्लियर विस्तार में भूमिका निभा सकती हैं। टाटा पावर, अदाणी एनर्जी, एबीबी इंडिया और सीमेंस जैसी कंपनियां ग्रिड, ऑटोमेशन, ट्रांसमिशन और क्लीन एनर्जी थीम से जुड़ी हैं।

### मांग बढ़ने के तीन प्रमुख कारण

बिजली की मांग बढ़ने के पीछे तीन बड़े कारण हैं। पहला, गर्मी और मौसम का असर। तापमान बढ़ने से घरेलू और कृषि क्षेत्र में बिजली खपत तेज होती है।

# चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता, ट्रंप प्रशासन को मिली चेतावनी



### 'डॉलर का दबदबा, अमेरिकी ताकत से जुड़ा'

शाहीन ने कहा कि डॉलर का दबदबा सीधे तौर पर अमेरिकी आर्थिक ताकत और ग्लोबल असर से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी डॉलर को ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर बनाए रखना न सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था की लंबे समय की स्थिरता और खुशहाली के लिए जरूरी है, बल्कि यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी बहुत जरूरी है।' इसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा का जिक्र है, जिससे पता चलता है कि 1999 में ग्लोबल करेंसी रिजर्व में डॉलर का हिस्सा लगभग 71 फीसदी था, लेकिन 2025 की तीसरी तिमाही तक यह घटकर 56.82 फीसदी रह गया। इसी समय के दौरान चीनी युआन का हिस्सा 1.93 फीसदी था।

**नई दिल्ली।** वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में चीन की करेंसी युआन का बढ़ता दबदबा अमेरिका को परेशान कर रहा है। अब अमेरिकी सांसदों ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश कर ट्रंप सरकार को चेतावनी दी है। आइए जानते हैं कि रिपोर्ट में क्या-क्या है और किसी तरह से चीन, अमेरिका के वित्तीय सिस्टम को चुनौती दे रहा है। अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं। टेड बड और जीन शाहीन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने की बीजिंग की कोशिश से अमेरिका और उसके साथियों के लिए आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा है। प्रस्ताव के साथ जारी एक बयान में बड ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगातार सहयोग और लगातार सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिकी डॉलर ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर अपना स्टेटस बनाए रखे।'

# केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक रवि पंडित का निधन, लाहिरी बने नीति आयोग के उपाध्यक्ष



### लाहिरी ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी ने शुक्रवार को नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। लाहिरी ने सुमन बेरी की जगह ली। लाहिरी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य हैं। नीति आयोग ने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, शिक्षा जगत, सार्वजनिक संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों में उनका अनुभव साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में नीति आयोग के प्रयासों को और मजबूत करेगा। नीति आयोग ने आगे कहा कि वह भारत के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में रणनीतिक नीतिगत पहलों का समर्थन करने में उनके योगदान की उम्मीद करता है।

**नई दिल्ली।** केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. एस.बी. (रवि) पंडित का शुक्रवार को पुणे में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, जिसकी आधिकारिक जानकारी कंपनी द्वारा एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई है। ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर, ऑटोनॉमस ड्राइविंग और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में केपीआईटी को 15 देशों में एक वैश्विक मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ उन्होंने सार्वजनिक नीति और सतत विकास में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस घटनाक्रम के बीच कारोबारी सत्र में बीएसई पर केपीआईटी के शेयर 0.61 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 726 रुपये पर कारोबार कर रहे थे, जिसका 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,433 रुपये और न्यूनतम स्तर 625 रुपये रहा है। इसी सप्ताह जारी कंपनी के नवीनतम वित्तीय परिणामों के अनुसार, मार्च तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 33 प्रतिशत घटकर 163 करोड़ रुपये रह गया है, जो पिछले वर्ष 245 करोड़ रुपये था।

# आरबीआई मंजूरी से बैंकिंग सेक्टर को बड़ा भरोसा

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मंजूरी के बाद निजी बैंक अब सिर्फ ग्राहकों और मुनाफे की दौड़ तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रणनीतिक निवेश के जरिए एक-दूसरे के पूंजी ढांचे को मजबूत करेंगे। एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को अन्य बैंकों में हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति मिली है, जिससे बैंकिंग सेक्टर में भरोसा बढ़ा है। अब निजी क्षेत्र के बड़े बैंक सिर्फ ग्राहकों की संख्या और मुनाफे की होड़ तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि एक-दूसरे के कारोबार और पूंजी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया फैसले इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को अन्य बैंकों में हिस्सा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी बैंक को अपने समूह की अन्य कंपनियों के साथ आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में कुल 9.95 फीसदी तक हिस्सेदारी रखने की अनुमति मिली है।

## चुटकुले

बॉस के जोक पर पूरी टीम हंसने लगी लेकिन गोलू नहीं हंसा।
बॉस- तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या?
गोलू- सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है।
बॉस को हुई हैरानी!

---

शौंटी- समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
शौंटी- अरे मैं बीमार हूं न... इसलिए डॉक्टर ने बाहर की चीज खाने से मना किया है।

---

टीचर स्टूडेंट से- ये बताओ कि नदी में नींबू का पेड़ लगा है तो उसे कैसे तोड़ोगे?
स्टूडेंट- चिड़िया बनकर।
टीचर- तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
स्टूडेंट- जो नदी में नींबू का पेड़ लगाएगा।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# बहुत महंगा है फुटबॉल का जुनून! विश्वकप का फाइनल देखने के लिए खर्च करने होंगे 32 लाख रुपये



**वॉशिंगटन।** फीफा विश्वकप 2026 के फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत 31 लाख रुपये से भी ज्यादा पहुंच गई है, जो हाल ही में हुए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के टिकट से करीब 42 गुना अधिक है। डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम के कारण टिकटों की कीमत लगातार बढ़ रही है, जिससे आम फैंस के लिए मैच देखना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, भारी डिमांड और सीमित उपलब्धता ने कीमतों को और बढ़ा दिया है, जिससे यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे महंगा विश्व कप बन सकता है।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने जा रहे फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून से होगा। टूर्नामेंट में 48 टीमें शामिल होंगी। फुटबॉल का जुनून अगर आपके सिर पर सवार है, तो जेब ढीली करने के लिए तैयार रहिए। फीफा ने फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी की है।

दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 अमेरिकी डॉलर थी यानी 8.12 लाख रुपये थी। इसके बाद कीमत में बढ़ोतरी हुई और 10,990 अमेरिकी डॉलर यानी 10.28 लाख भारतीय रुपये कर दी गई। अब फीफा ने 19 जुलाई को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए टिकट की कीमत 32,970 अमेरिकी डॉलर यानी 31,10,816 रुपये कर दी है। यह दाम हाल ही में अहमदाबाद में हुए टी20 विश्वकप के फाइनल की टिकट की दाम से लगभग 42 गुना ज्यादा है। फीफा की आधिकारिक टिकट बिक्री वेबसाइट पर इन टिकटों को 'फ्रंट कैटेगरी वन' सीट बताया गया है। वहीं 10,990 डॉलर वाली पुरानी कैटेगरी अब केवल व्हीलचेयर और विशेष सुविधा वाले दर्शकों के लिए उपलब्ध है।

**सेमीफाइनल और अमेरिका के मैचों के टिकट भी महंगे**

टेक्सास के एटी एंड टी स्टेडियम में 14 जुलाई को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले के टिकट के दाम 11,130 डॉलर यानी 10,50,148 भारतीय रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं, अगले दिन अटलांटा के मर्सिडीज-बेन्ज स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के टिकट 10,635 डॉलर यानी 10,03,443 भारतीय रुपये तक बिक रहे हैं। अमेरिका के ग्रुप स्टेज मुकाबलों के टिकट भी काफी महंगे हैं। 12 जून को पैराग्वे के खिलाफ सोफी स्टेडियम में होने वाले मैच के टिकट 2,735 डॉलर यानी 2,58,055 भारतीय रुपये तक हैं। 19 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिएटल में होने वाले मैच के टिकट 2,715 डॉलर यानी 2,56,169 भारतीय रुपये तक बिक रहे हैं। 25 जून को तुर्किये के खिलाफ मुकाबले के टिकट 2,970 डॉलर यानी 2,80,229 भारतीय रुपये तक पहुंच चुके हैं।

**टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के टिकट का दाम**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आठ मार्च 2026 को हुए टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के आधिकारिक टिकटों की शुरूआती कीमत दो हजार रुपये रखी गई थी। प्रीमियम सीटों की कीमत 20 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक थी, जबकि हॉस्पिटैलिटी सूट्स के टिकट 50 हजार रुपये से 75 हजार रुपये के बीच थे। हालांकि, रीसेल मार्केट में टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं, जहां एक सीट के लिए दो से तीन लाख तक वसूले जाने की खबरें सामने आईं थीं। फीफा विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम भी टी20 विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम से ज्यादा हैं।

# पहलवान अमन सेहरावत का रूस दौरा रुका
## चीफ कोच ने लगाया वीटो, बोले- अकेले तैयारियां करने से जाएगा गलत संदेश



**नई दिल्ली।** इस वक्त लखनऊ में एशियाई खेलों की तैयारी के लिए पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन पहलवानों का राष्ट्रीय कैंप चल रहा है जिसमें अमन भी शामिल हैं।

कुश्ती में स्टार कल्चर खत्म करने की तैयारी कर ली गई है। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहलवान अमन सेहरावत को रूस के मखाचकला में अकेले तैयारियां करने से रोक दिया गया है। अमन के इस रूस दौरे पर वीटो खुद पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के चीफ कोच विनोद कुमार ने लगाया है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत अमन 20 मई तक रूस के इस नामी सेंटर में तैयारियों के लिए जाना चाहते थे। उन्होंने इसके लिए टॉप्स में प्रस्ताव भी दिया था और भारतीय कुश्ती महासंघ से भी अनुमति मांगी थी। जब कोच विनोद को इसका पता लगा तो उन्होंने इस पर आपत्ति जता दी। विनोद ने महासंघ को स्पष्ट किया कि अमन के अकेले रूस में अभ्यास करने से लखनऊ साई सेंटर में चल रहे राष्ट्रीय कैंप का अनुशाषन टूटेगा और अन्य पहलवानों के बीच इसका गलत संदेश जाएगा।

**जून में होना है एशियाड का ट्रायल**

इस वक्त लखनऊ में एशियाई खेलों की तैयारी के लिए पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन पहलवानों का राष्ट्रीय कैंप चल रहा है जिसमें अमन भी शामिल हैं। अमन का भार वर्ग 57 किलो है, लेकिन वह इस वक्त 61 किलो में खेल रहे हैं। कोच विनोद की योजना जून में होने वाले एशियाड के ट्रायल में अमन को 57 किलो में उतारने की है। इस बीच अमन अपने अभ्यास के साथी रिंकू और फिजियो नैतिक के साथ मखाचकला में अभ्यास का कार्यक्रम बना लिया, जिस पर विनोद ने आपत्ति जता दी।

**टीम के साथ रूस में लगाएंगे कैंप**

सूत्र बताते हैं कि विनोद ने इस बारे में खुद अमन और कुश्ती महासंघ से बात की। विनोद ने कहा कि किसी पहलवान को अकेले विदेश में तैयारियां कराने की बजाय पूरी टीम को या फिर एशियाड के लिए टीम में चयनित पहलवानों का विदेश में कैंप लगाया जाना चाहिए जिससे सभी पहलवान एक साथ तैयारियां करें। इससे आपस में टीम भावना पैदा होगी। अमन से एशियाड से पहले रूस में पूरी टीम का कैंप लगाने की बात कही गई है। फिल्हाल अमन रूस नहीं गए हैं और लखनऊ में ही कैंप में तैयारियों में जुट गए हैं।

# पैसे नहीं, चाहता हूं कि सभी खेलों की सफलता का जश्न मने', बोले बैडमिंटन स्टार सात्विक



**नई दिल्ली।** 2022 में चैंपियन रही भारतीय टीम ने 2026 थॉमस कप में कांस्य पदक जीता, लेकिन घर वापसी के बाद इस उपलब्धि का जश्न नहीं मनाया गया। सात्विक इससे काफी निराश दिखे। उनके बयान इसी को लेकर हैं।

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में ह्रहर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनानेह्ल की अपील करना था।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। सात्विक ने हालांकि स्वदेश लौटने पर सोशल मीडिया पर उनकी उपलब्धि को अपेक्षित पहचान न मिलने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं।

**सात्विक ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया**

डेनमार्क से वापस आने के बाद सात्विक ने लिखा था, 'अब घर वापस आ गया हूं। हमेशा की तरह, पिछले दो सप्ताहों में क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं है और ऐसा लगता है कि किसी को वास्तव में इसकी परवाह भी नहीं है।' इस 25 साल के खिलाड़ी ने शुक्रवार को अपने विचारों को और स्पष्ट करने के लिए एक और सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया।

**'मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया'**

उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ दिनों में थॉमस कप कांस्य पदक को लेकर मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया। मैं लोगों के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं, लेकिन मैं अपने इरादे को स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि कई लोग मूल मुद्दे से भटकते नजर आ रहे हैं।'

# BCCI भारतीय टी-20 और वनडे टीम के लिए चाहता है एक कप्तान



**मुंबई।** श्रेयस अय्यर के शानदार फॉर्म और सफल आईपीएल कप्तानी से प्रभावित बीसीसीआई उन्हें भारत की टी20 टीम में वापसी के साथ व्हाइट-बॉल कप्तानी देने पर विचार कर रहा है। बोर्ड एक ही कप्तान से वनडे और टी20 दोनों टीमों की कमान संभालने की योजना बना सकता है।

भारतीय टीम में आईपीएल 2026 के बाद बड़े बदलाव के आसार हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की नजर टी20 लीग के बाद भारतीय टी20 और वनडे टीम के लिए एक ही कप्तान नियुक्त करने पर है। फिलहाल भारतीय टेस्ट और वनडे टीम की कमान शुभमन गिल संभाल रहे हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव टी20 कप्तान हैं। हालांकि, बोर्ड चाहता है कि व्हाइट बॉल फॉर्मेट में भारत का एक कप्तान हो और रेड बॉल का अलग। ऐसा भी हो सकता है कि शुभमन गिल को तीनों प्रारूप की कप्तानी सौंपी जाए। हालांकि, कप्तानी के लिए बीसीसीआई की पहली पसंद कोई और है।

**आईपीएल में शानदार प्रदर्शन का इनाम!**

दरअसल, बीसीसीआई के सूत्रों ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा है कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति आईपीएल में लगातार शानदार प्रदर्शन के इनाम के तौर पर श्रेयस अय्यर को टी20 टीम में वापसी कराने की तैयारी में है। सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म से जूझने के बीच अय्यर को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। इसके अलावा, बोर्ड की इच्छा है कि वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में एक ही कप्तान हो, ऐसे में अय्यर को ही दोनों फॉर्मेट की कप्तानी की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है।

**भारतीय टी20 टीम में होंगे बदलाव**

सूत्र ने बताया कि अगले सीजन की तैयारी के लिए भारत की टी20 टीम में बदलाव देखने को मिलेंगे। बोर्ड श्रेयस अय्यर के हालिया व्हाइट-बॉल प्रदर्शन से प्रभावित है और उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए सबसे ऊपर रखा गया है। सूत्र ने कहा, 'जब नई टी20 टीम घोषित होगी तो कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। हम ऐसे खिलाड़ी पर विचार कर रहे हैं जो टी20 और वनडे दोनों टीमों की कप्तानी संभाले। फिलहाल हमारा फोकस दोनों प्रारूपों पर है। बीसीसीआई युवा प्रतिभाओं को मौका देना चाहता है, साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों को भी अवसर देना चाहता है। श्रेयस ने पिछले कुछ वर्षों में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है, उनकी चोटें दुर्भाग्यपूर्ण रही हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस साल उन्होंने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी की काफी साहस और समर्पण के साथ कप्तानी की है। हां, वह व्हाइट-बॉल कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार हैं। सूर्यकुमार यादव हमारे वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रहे हैं और उनके योगदान का सम्मान भी किया जाएगा।' वहीं, बीसीसीआई सूर्यकुमार की फॉर्म में वापसी नहीं हो पा रही है और बीसीसीआई इससे परेशान भी है। हालांकि, यह ध्यान रखने वाली बात है कि रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत की कप्तानी संभालने के बाद से सूर्यकुमार यादव अब तक एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज नहीं हारे हैं। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर ने दो साल से ज्यादा समय से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उनका पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला दिसंबर 2023 में था।

**क्या बीसीसीआई सूर्यकुमार और गिल से आगे बढ़ रहा है?**

भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 जिताने के बाद सूर्यकुमार यादव ने 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में टीम की कप्तानी करने का लक्ष्य रखा था। वहीं, शुभमन गिल को पिछले साल रोहित शर्मा की जगह भारत की वनडे टीम का कप्तान बनाया गया था।

अगले साल होने वाले 50 ओवर विश्व कप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का फोकस वनडे क्रिकेट पर शिफ्ट हो चुका है। ऐसे में शुरूआत में गिल को लंबे समय के लिए कप्तानी का समाधान माना जा रहा था।

# आईपीएल के बीच एमएस धोनी ने हासिल किया खास मुकाम

## झारखंड और बिहार में इस मामले में सबको पीछे छोड़ा

**रांची।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी झारखंड और बिहार क्षेत्र में 2025-26 के सबसे बड़े व्यक्तिगत टैक्सदाता बने हैं। आयकर विभाग ने बताया कि दोनों राज्यों से करीब 20,000 करोड़ रुपये टैक्स संग्रह हुआ, जिसमें 12,000 करोड़ रुपये सिर्फ झारखंड से आए।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह क्रिकेट नहीं बल्कि टैक्स भुगतान है। आयकर विभाग के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में झारखंड और बिहार क्षेत्र में धोनी सबसे बड़े व्यक्तिगत टैक्सदाता रहे। यह जानकारी आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार-झारखंड) डॉ. डी. सुधाकर राव ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान दी।

**झारखंड से आया 12,000 करोड़ रुपये टैक्स**

डॉ. राव ने बताया कि बिहार और झारखंड से कुल टैक्स संग्रह लगभग 20,000 करोड़ रुपये रहा। इसमें सबसे बड़ा योगदान झारखंड का रहा। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 में बिहार और झारखंड से कुल लगभग 20,000 करोड़ रुपये टैक्स संग्रह हुआ, जिसमें से 12,000 करोड़ रुपये सिर्फ झारखंड से प्राप्त हुए।' उन्होंने यह भी बताया कि कुल टैक्स संग्रह का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) के जरिए आया।

**धोनी की लोकप्रियता बरकरार:** धोनी लंबे समय से झारखंड की पहचान माने जाते हैं। क्रिकेट से संन्यास के बाद भी उनकी ब्रांड वैल्यू और लोकप्रियता कायम है। अब सबसे बड़े टैक्सदाता बनकर उन्होंने मैदान के बाहर भी मिसाल पेश की है।

## कॉरपोरेट टैक्सदाताओं में ये कंपनियां आगे

कॉरपोरेट श्रेणी में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (इउउछ) और सीएमपीडीआई सबसे बड़े टैक्सदाताओं में शामिल रहे। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले साल भारी बारिश के कारण खनन गतिविधियों पर असर पड़ा, जिससे टैक्स संग्रह भी प्रभावित हुआ। डॉ. राव ने कहा, 'पिछले वित्त वर्ष में भारी बारिश के कारण माइनिंग गतिविधियां प्रभावित हुईं। हमें उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष में 20,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करेंगे।' डॉ. राव ने आयकर अधिकारियों के साथ नए आयकर अधिनियम 2025 पर बैठक भी की। यह नया कानून 1 अप्रैल से लागू होगा और 1961 के पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। उन्होंने कहा, 'नया कानून सरल भाषा, सुव्यवस्थित ढांचे और आसान प्रस्तुति के जरिए अनुपालन को और सरल बनाएगा।'



**व्यक्तिगत टैक्सदाताओं में सबसे आगे धोनी**

जब सबसे बड़े व्यक्तिगत टैक्सदाता का नाम पूछा गया तो डॉ. राव ने साफ तौर पर धोनी का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'पिछले वित्त वर्ष में बिहार और झारखंड को मिलाकर एमएस धोनी सबसे बड़े व्यक्तिगत टैक्सदाता रहे।

# 'प्रिंस जल्द ही भारत के लिए डेब्यू करेंगे'





**नई दिल्ली।** रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइनफो से कहा, 'मुझे लगता है कि प्रिंस जल्द ही भारत के लिए डेब्यू करेंगे। उनमें स्पेशल टैलेंट है। जिस तरह का उनका रन अप है, उसे देखकर ही लगता है कि वह मैच में लड़ने आए हैं। वह मुश्किल गेंदें डालते हैं और उनकी ज्यादातर गेंदें स्टंप को हिट करती हैं। यह उनकी खासियत है। कोहली को जिस गेंद पर आउट किया, वह बहुत ही खास गेंद थी। वह विराट कोहली हैं। प्रिंस, जो कि दिल्ली से आते हैं, दिल्ली से ही खेलते हैं, उन्होंने अपने दिल्ली के टीम मेट को आउट किया।'

**'हर प्रारूप में कामयाब होने की क्षमता'**

प्रिंस के शुरूआती स्पेल से ही आरसीबी की टीम बैकफुट पर आ गई थी। आरसीबी ने दोनों ओपनर्स के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 213 रन चेज करने उतरी टीम 203 रन ही बना सकी। रायुडू ने कहा कि प्रिंस में हर प्रारूप में कामयाब होने की क्षमता है। उनकी फिटनेस शानदार है, लय और कंसिस्टेंसी भी बरकरार है और यही उनकी मजबूती है।

**'स्लिप में खड़े होकर गेंदबाजी करते देखना शानदार'**

रायुडू ने कहा, 'मुझे लगता है कि स्लिप में खड़े होकर इस गेंदबाज को देखना शानदार रहेगा। सच कह रहा हूं, प्रिंस को गेंदबाजी करते देखना शानदार है। मेरे लिए अद्भुत क्षण होगा अगर मैं उन्हें पहली या दूसरी स्लिप में खड़े होकर गेंदबाजी करता दिखूं। मुझे लगता है कि वह हर प्रारूप के खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने अब तक इस सीजन में गेंदबाजी की है, वह शानदार है।'

रायुडू ने हर स्पेल में दबाव बनाने की क्षमता की भी तारीफ की। रायुडू ने कहा, 'चूंकि वह काफी फिट हैं, उनमें आक्रामकता भी दिखती है। उनका एक्शन क्लीन है और उनमें कंसिस्टेंसी है, जो कई गेंदबाजों में नहीं दिखती। कई गेंदबाज ओवर में एक या दो अच्छी गेंदें फेंकते हैं, लेकिन प्रिंस ओवर में चार से पांच शानदार गेंद फेंकते हैं।

# रोनाल्डो का सऊदी प्रो लीग में 'शतक', 1000 गोल से बस 29 गोल दूर है यह पुर्तगाली फुटबॉलर

**रियाद।** पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नस्त्र से जुड़े थे, लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नस्त्र ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले सादियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था।

चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नस्त्र के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं।

# धोनी को नहीं आता गुस्सा, अश्विन ने सुनाया मजेदार किस्सा

## उनकी किस हरकत से नाराज हुए थे माही



**चेन्नई।** भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 106 मैच में 537 विकेट लेने वाले अश्विन ने सीएसके के साथ अपने आईपीएल करियर का अंत किया क्योंकि वह वहीं खत्म करना चाहते थे जहां से उन्होंने शुरूआत की थी।

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अपने करियर के शुरूआती दौर में चैलेंजर ट्रॉफी में महेंद्र सिंह धोनी को आउट करने के बाद जरूरत से ज्यादा जश्न मनाने पर यह पूर्व भारतीय कप्तान नाराज हो गया था। जियोस्टार के 'द रविचंद्रन अश्विन एक्सपीरियंस' कार्यक्रम में इस ऑफ स्पिनर ने याद किया कि उन्हें लगा था कि धोनी को आउट करने से उन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलने का मौका मिल सकता है।

**अश्विन ने सुनाई मजेदार कहानी**

अश्विन ने कहा, 'सीएसके की टीम में मुथैया मुरलीधरन थे। एक दिग्गज खिलाड़ी जो अपने कोटे के पूरे ओवर कर रहे थे। इसलिए मुझे (सीएसके के लिए खेलने के) मौके नहीं मिल रहे थे। मैं 2008 में नहीं खेला, लेकिन 2009 में मुझे केपटाउन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के सामने अपना पहला मैच खेलने का मौका मिला। मुझे 2009 और 2010 में भी ज्यादा मौके नहीं मिले।'

दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले अश्विन ने कहा, 'चैलेंजर ट्रॉफी में मुझे धोनी को गेंदबाजी करने का मौका मिला। धोनी हमारी टीम के खिलाफ खेलते हुए दो बार आउट हुए। एक बार उन्होंने डीप कवर की तरफ शॉट खेला और मैंने डाइव लगाकर कैच लपक लिया। मैंने इतना जश्न मनाया कि वह सच में नाराज हो गए।'

**'धोनी से कहा था- उरङ में मौका मिल जाए'**

उन्होंने कहा, 'धोनी ने मुझसे पूछा- इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है। मैंने कहा- आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए। और अगले साल मुझे मौका मिल गया।' भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 106 मैच में 537 विकेट लेने वाले अश्विन ने सीएसके के साथ अपने आईपीएल करियर का अंत किया क्योंकि वह वहीं खत्म करना चाहते थे जहां से उन्होंने शुरूआत की थी।

उन्होंने कहा, 'जब मुझे दोबारा सीएसके के लिए खेलने का मौका मिला, तो सबसे पहला विचार यही आया कि मैं उसी टीम के साथ अपने करियर को खत्म करूंगा जिससे मैंने शुरूआत की थी। मैं दो तीन साल और खेलना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह एक अलग कहानी है इसके बारे में मैं अभी बात नहीं करूंगा।'

**'चेपॉक में करियर खत्म करने का था सपना'**

अश्विन ने कहा, 'मेरा एक और सपना था कि मैं चेपॉक में अपना करियर खत्म करूं। ऐसा नहीं हुआ। मेरा आखिरी आईपीएल मैच दिल्ली में था। मैंने अपना आखिरी वनडे मैच चेपॉक में ही खेला था। उस मैदान से मेरी कई यादें जुड़ी हैं। वह मेरे दिल के बेहद करीब है।' आईपीएल में उनका आखिरी विकेट युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी का विकेट था।

**'वैभव सूर्यवंशी असाधारण प्रतिभा'**

अश्विन ने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी असाधारण प्रतिभा है। जिस तरह से वह छक्के मार रहा था, मैंने उसे गेंद की फ्लाइट से चकमा देने की कोशिश की। वह चकमा खा गया, लेकिन जल्द ही उसने खुद को संभाला और मिड-ऑन की तरफ रिवर्स स्वीप खेला। मैंने बस यही कहा- वाह, यह तो कमाल का खिलाड़ी है।

# विराट से मेसी तक इंस्टाग्राम पर कई खिलाड़ी सेलिब्रिटीज के अचानक घटे लाखों फॉलोअर्स



**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम की फेक अकाउंट और बॉट हटाने की कार्रवाई में विराट कोहली, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, प्रियंका चोपड़ा और काइली जेनर जैसे बड़े नामों के लाखों फॉलोअर्स कम हुए हैं। इस अभियान ने सोशल मीडिया लोकप्रियता और वास्तविक फैनबेस पर नई बहस छेड़ दी है।

सोशल मीडिया के दौर में लोकप्रियता सिर्फ मैदान, फिल्मों या मंच तक सीमित नहीं रह गई है। आज स्टारडम का बड़ा पैमाना इंस्टाग्राम फॉलोअर्स बन चुके हैं। क्रिकेट में विराट कोहली, फुटबॉल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी से लेकर मनोरंजन जगत में प्रियंका चोपड़ा और काइली जेनर जैसे नाम करोड़ों लोगों की पसंद माने जाते हैं। हालांकि, अब इंस्टाग्राम की एक बड़ी कार्रवाई ने इस चमकदार दुनिया के पीछे की सच्चाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फेक अकाउंट्स और बॉट्स हटाने के अभियान के बाद कई बड़े खिलाड़ियों और सितारों के लाखों फॉलोअर्स अचानक कम हो गए हैं।

**खिलाड़ियों पर भी असर, कोहली-रोनाल्डो चर्चा में**

खेल जगत में विराट कोहली और क्रिस्टियानो रोनाल्डो सोशल मीडिया के सबसे बड़े चेहरों में गिने जाते हैं। विराट दुनिया के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में शामिल हैं, जबकि रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले एथलीट्स में से एक हैं। इंस्टाग्राम की सफाई के बाद इन बड़े नामों के फॉलोअर्स में कमी की खबर ने चर्चा तेज कर दी है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली लोकप्रियता का कितना हिस्सा असली है और कितना कृत्रिम। कोहली, जिनकी इंस्टाग्राम पर फॉलोइंग कुछ समय पहले तक 27.6 करोड़ से ज्यादा थी, अब फेक अकाउंट्स हटाने के बाद 27.3 करोड़ हो चुकी है। वहीं, रोनाल्डो, जिनके इंस्टाग्राम पर कुछ समय तक 67.3 करोड़ फॉलोअर्स थे, अब 66.4 करोड़ हो चुके हैं। इसी प्रक्रिया के दौरान लियोनल मेसी के अकाउंट के फॉलोअर्स भी 51.2 करोड़ से घटकर 50.7 करोड़ रह गए। यही हाल बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मी सितारों का भी है।

# गाजियाबाद आसपास




## शाहपुर बम्हैटा में दर्दनाक हादसा
# मैजिक लोडर के नीचे आने से तीन साल के मासूम की मौत
## सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा, खेलते-खेलते अचानक वाहन के सामने आया बच्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वेव सिटी थानाक्षेत्र के शाहपुर बम्हैटा इलाके में शुक्रवार सुबह एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर के बाहर खेल रहा महज साढ़े तीन साल का मासूम अचानक सड़क पर पहुंचे एक मैजिक लोडर की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि बच्चे ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा है।



पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि शाहपुर बम्हैटा क्षेत्र में एक छोटे बच्चे का सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद निधन हो गया है। सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की गई। मृतक बच्चे के पिता नरेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे उनका बेटा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान सड़क से गुजर रहे एक मैजिक लोडर के सामने बच्चा अचानक आ गया। चालक जब तक कुछ समझ पाता, तब तक मासूम वाहन के अगले पहिये के नीचे आ चुका था। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सीसीटीवी से खुला राज

**करंट क्राइम :** पुलिस द्वारा आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें पूरा हादसा साफ दिखाई दिया। फुटेज में बच्चा अचानक वाहन के सामने आता दिखाई दे रहा है, जिसके बाद यह दर्दनाक हादसा हो जाता है। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। मासूम की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोग भी हादसे के बाद गमगीन नजर आए।

### जांच के बाद कार्रवाई

**करंट क्राइम :** वेव सिटी पुलिस ने परिजनों से तहरीर प्राप्त कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चालक और हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वेव सिटी एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि शाहपुर बम्हैटा क्षेत्र में एक बच्चे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई थी। फुटेज के आधार पर जांच की गई, जिसमें बच्चा अचानक मैजिक लोडर के सामने आता दिखाई दिया। तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### तालाब में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की टीम ने पकड़ कर गंगा में सुरक्षित छोड़ा

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ स्थित सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में शुक्रवार को तालाब में मगरमच्छ का बच्चा दिखाई देने से ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को तालाब से निकलवाया। जिसके बाद उसे सुरक्षित गंगा में छोड़ दिया गया है। मगरमच्छ के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वैठ के कुछ लोग मध्य गंगा नहर के निकट मौजूद थे। जिन्हें नहर के निकट स्थित तालाब में मगरमच्छ का बच्चा तैरता नजर आया। तालाब में मगरमच्छ को तैरता देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए। जिन्होंने इस बारे में गांव के अन्य लोगों को भी सूचना दी।
मगरमच्छ दिखाई देने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ वहां पर एकत्र हो गई। वहीं, वन विभाग को भी सूचना दी गई।

# मोदीनगर नगर पालिका बोर्ड बैठक में बजट 2026-27 स्वीकृत
## कई विकास कार्यों पर लगी मोहर, सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को लेकर रखी मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद की एजेंडा बोर्ड बैठक 08 मई को अध्यक्ष विनोद वैशाली की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई और नगर विकास तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में नगर क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण, सफाई, प्रकाश, पेयजल, जल निकासी और कर संग्रहण जैसी नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विस्तार से विचार.विमर्श हुआ। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष विनोद वैशाली ने नगर के समग्र विकास के लिए सभी सभासदों और अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नगर हित में सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारीनरेंद्र मोहन मिश्र, समस्त अधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं के सम्मान और मजबूत राजनीतिक भविष्य के लिए राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ीं मधु शर्मा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मधु शर्मा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश महासचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। संगठन विस्तार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला पदाधिकारियों की विशेष मौजूदगी रही।

मधु शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल इसलिए ज्वाइन किया क्योंकि यहां महिलाओं को सम्मान और सुरक्षित राजनीतिक माहौल मिलता है। उन्होंने समाजवादी पार्टी छोड़ने का कारण महिलाओं के सम्मान की अनदेखी बताया। उन्होंने कहा कि पति की गंभीर बीमारी और निधन के दौरान समाजवादी पार्टी के किसी भी नेता ने परिवार की सुध नहीं ली। लगातार तीन वर्षों तक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कराने का अनुरोध भी अनसुना किया गया। मधु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात के बाद उन्हें महसूस हुआ कि महिलाओं के सम्मान, समाज सेवा और राजनीतिक भविष्य के लिए राष्ट्रीय लोकदल सबसे बेहतर मंच है। महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि मधु शर्मा जैसी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल महिलाओं की मजबूत राजनीतिक भागीदारी और सम्मान की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में दीपमाला चौधरी, इंद्राणी त्यागी समेत बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## स्व. पुरुषोत्तमदास मोदी को दी गयी शोक सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्वर्गीय पुरुषोत्तम दास मोदी का निधन 27 अप्रैल को हो गया था। उनकी शोकसभा 8 मई को एवीएस गार्डन मोदीनगर में आयोजित की गयी। समाज के गणमान्य नागरिकों ने स्व. पुरुषोत्तमदास मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्व. पुरुषोत्तमदास मोदी के भाई जगदीश प्रसाद मोदी बजरंग बली मोदी , उनके पुत्र विपिन मोदी, संदीप मोदी, उनके भतीजे सीताराम मोदी, प्रदीप मौदी, पौत्र अभय देव मोदी, आदित्य मोदी, सिद्धार्थ मोदी मौजूद रहे। परिवार के लोगों ने शोकसभा में आये सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

## सामुदायिक केंद्र निर्माण का रास्ता हुआ साफ पार्षद छाया संजय त्यागी ने हटवाया कब्जा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड में सामुदायिक केंद्र निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया। पार्षद छाया संजय त्यागी के प्रयासों से संबंधित जमीन से कब्जा हटवाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत बताया है। पार्षद छाया संजय त्यागी ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग सामुदायिक केंद्र की मांग कर रहे थे, लेकिन जमीन पर कब्जा होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। अब कब्जा हटने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है।


उन्होंने कहा कि सामुदायिक केंद्र बनने से गरीब परिवारों, खासकर बहन-बेटियों की शादियों और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लोगों को अब महंगे बैंक्वेट हॉल या निजी स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। छाया संजय त्यागी ने कहा कि जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को लेकर आगे भी इसी तरह कार्य जारी रहेंगे।

## मोदीनगर तहसील का दबदबा: आईजीआरएस रैंकिंग में लगातार तीसरे माह प्रदेश में प्रथम स्थान




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** आईजीआरएस तहसील मोदीनगर का सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में माह फरवरी, मार्च व अप्रैल में निरन्तर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। माह अप्रैल में 152 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका शत प्रतिशत निस्तारण किया गया। शिकायतकर्ताओं की मंशा के अनुरूप मौके पर जाकर निस्तारण किये जाने के कारण अपना संतुष्टि फीडबैक दर्ज किया गया, केवल 01 शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्टि फीडबैक दर्ज कराया गया। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी मोदीनगर अजीत सिंह द्वारा यह भी बताया गया कि भविष्य में भी तहसील को आनलाईन प्राप्त आवेदनो का शत प्रतिशत गुणवत्तापरक निस्तारण कराये का अभियान जारी रखा जायेगा।

## बाइक पर लगी टेपिंग हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बाइक पर लगी टेपिंग हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव कलछीना एक बाइक से टेपिंग हटाने को लेकर दो युवकों के बीच बहस शुरू हुई थी। बहस के दौरान ही दोनों पक्षों के लोग वहां जमा हो गए और विवाद बढ़ गया। कुछ ही देर में दोनों तरफ से जमकर मारपीट होने लगी, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के बताए जा रहे हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाया हैं। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पूरे प्रकरण की जायेंगी।

## रेड क्रॉस दिवस : गाजियाबाद में 8 स्थानों पर आयोजित हुए रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गाजियाबाद द्वारा निवर्तमान सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में शहर के 8 प्रमुख स्थानों पर व्यापक सेवा अभियान चलाया गया। 'जहाँ पीड़ा है, वहाँ रेड क्रॉस है' के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में रक्तदान, स्वास्थ्य जांच और पोषण वितरण जैसे कार्य किए गए। यूनानी हॉस्पिटल और जिला चिकित्सालय में भारी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं व स्टाफ के लिए हीमोग्लोबिन, दंत परीक्षण और मोबाइल एक्सरे के जरिए टीबी जांच शिविर लगाए गए। टीबी मरीजों को विशेष पुष्टाहार पोटली वितरित की गई।

डॉ. सुभाष गुप्ता ने वॉलेंटियर्स के समर्पण की सराहना करते हुए इसे मानवता का सबसे बड़ा धर्म बताया। इस दौरान रोटरी क्लब और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सैकड़ों लाभार्थियों को लाभ पहुँचाया गया।




## कई थ्री-स्टार फिर लौटने की तैयारी में

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री-स्टारों की संख्या बढ़ती जा रही है। संख्या बढ़ने का असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में साफ नजर आ रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बीच में दो छोटी लिस्ट आई हैं, उसके बाद जानकारी यह मिल रही है कि कई पुराने थ्री-स्टार पुलिस कमिश्नरेट में अपनी ताल ठोकने के लिए बेकरार हो गए हैं। अब सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से सिटी में थाने का सीन बदला है। तो बताया जा रहा है कि 15 तारीख के बाद पुलिस कमिश्नरेट में कुछ छोटे-बड़े बदलाव फिर देखने को मिल सकते हैं। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पास वाले कमिश्नरेट में भी रविवार के बाद मामला शांत होगा। तो प्रदेश स्तर वाली लिस्ट भी 15 के आसपास आने की प्रबल संभावना बनती हुई नजर आ रही है। इन सबके बीच पुलिस के लोकल वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एसीपी स्तर पर भी कुछ फेस रेस से आउट किए जाएंगे। तो कुछ को रिप्लेस किया जाएगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि एक सीट वाले मामले का असर पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर देखने को मिल सकता हे। उधर बता रहे हैं गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगले कुछ सप्ताह के दौरान सिटी के तीन थाना प्रभारी के लिए कोई संदेश मिलेगा। तो नदिया पार से भी यह संख्या टू प्लस रहेगी। वहीं देहात के भी कुछ फेस इधर से उधर होंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बताया जा रहा है कि बाइट वाले मामले को लेकर शिकायत कार्यालय तक पहुंच गई है। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि मीडिया मैनेजमेंट को लेकर जो प्लान हो रहे थे, उसमें फिर कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। इन सबके बीच सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि सिटी वाले जोन में मई महीने में एक बड़ा खाना और आयोजित किया जा सकता है। तो जून में भी एक कार्यक्रम तय माना जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई थ्री- स्टार फिर से थानों पर लौटने की रेस में बेस बनाने में जुट गए हैं। देखना होगा भला किसका होता है, किसको मौका मिलेगा और कौन सीट फिक्स कर लेगा।




## आरकेजी ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर. के. जी. ग्लोबल स्कूल ऐकसटेंसन गाज़ियाबाद में मातृ दिवस बड़े उत्साह, उमंग एवं भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पूरे कार्यक्रम में खुशी, उत्साह और अपनत्व का सुंदर माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुई। इसके पश्चात माताओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्यों ने सभी का दिल जीत लिया। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों, मधुर संगीत एवं उत्साहपूर्ण माहौल ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कला कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनिषा भारद्वाज सिंह ने उपस्थित सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माँ परिवार की शक्ति, संस्कारों की आधारशिला और बच्चों की प्रथम गुरु होती है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माताओं की भूमिका अतुलनीय है।' उन्होंने अपने प्रेरणादायी वचनों से सभी को प्रोत्साहित किया तथा माताओं के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों एवं खेलों का भी आयोजन किया, जिनमें माताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण तालियों और उत्साह से गूंज उठा। माताओं ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे भावनात्मक एवं अविस्मरणीय अनुभव बताया। सभी अभिभावक एवं अतिथि विद्यालय द्वारा किए गए भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रसन्न मन से लौटे।

## आरकेजीआईटी में 'अश्वमेध 1.0' का आयोजन हार्डवेयर तकनीक में छात्रों ने दिखाया नवाचार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान के सीएसईझ्र आईओटी विभाग द्वारा पहली मेगा हार्डवेयर तकनीकी प्रतियोगिता 'अश्वमेध 1.0' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करना था। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. लक्ष्मण प्रसाद और डॉ. बी.सी. शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में 28 टीमों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने रोबोटिक्स, आईओटी और एआई आधारित स्मार्ट प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।

**प्रतियोगिता के परिणाम:**
**प्रथम स्थान:** टीम 'विजन गार्ड',
द्वितीय स्थान: टीम 'रुद्र-एक्स',
तृतीय स्थान: टीम 'एग्रीटेक प्रो'।

विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। एचसीएल और न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर जैसी कंपनियों के विशेषज्ञों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ. बी.सी. शर्मा ने इस आयोजन को छात्रों के लिए व्यावहारिक तकनीकी अनुभव प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट मंच बताया।


## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Ram Avtar Jindal**
10h ·

Happy Wedding Anniversary to my dear friend Nirmal Ji & Meena Bhabhi Ji!

Wishing you both endless happiness, love, prosperity, and togetherness in every phase of life. May your bond always remain filled with trust, joy, and beautiful memories.

Heartfelt wishes for a wonderful and blessed journey ahead together!



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह एक शानदार व्यक्तित्व की पहचान है और यह डॉक्टर राम अवतार जिंदल का अंदाज है कि वह हमेशा अपनों की खुशी में शामिल होते हैं। अपने प्रिय दोस्त निर्मल और उनकी पत्नी मीणा को मैरिज एनिवर्सरी की बधाई शुभकामनाएं दी। अपने दोस्त की खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# ईरान ने अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत का दावा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव फिर बढ़ गया है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरेफ ने जल्द बड़ी जीत का दावा किया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संघर्ष विराम अभी भी लागू है।

अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के संघर्ष विराम के बाद होर्मुज स्ट्रेट में फिर से तनाव बढ़ गया है। ईरान के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरेफ ने दावा किया है कि ईरानी लोग जल्द ही अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ इस लड़ाई में बड़ी जीत का जश्न मनाएंगे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि नई सैन्य झड़पों के बावजूद ईरान के साथ संघर्ष विराम अभी भी लागू है।



### ईरान जल्द जीत का जश्न मनाएगा

इस्लाम टाइम्स के अनुसार, उपराष्ट्रपति आरेफ ने गुरुवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और उद्योगों को हुए नुकसान का आकलन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा और होर्मुज स्ट्रेट ईरान का खास इलाका है।

आरेफ ने नेशनल पेट्रोकेमिकल कंपनी, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का दौरा किया। उन्होंने बताया कि देश में पुनर्निर्माण कार्य जारी है और ईरानी लोगों की बड़ी जीत के साथ पाबंदियां हटा दी जाएंगी। आरेफ ने कहा, हम जल्द ही अपनी जीत का जश्न मनाएंगे और देश पर इतने वर्षों से लगे प्रतिबंध और दबाव हटा दिए जाएंगे।

### होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का रुख

शिपिंग ग्रुप का निरीक्षण करते हुए आरेफ ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर ईरान की पूरी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। आरेफ के अनुसार, ईरानी नियंत्रण में यह जलमार्ग सुरक्षित रहेगा और इससे सभी क्षेत्रीय देशों को फायदा होगा। ईरान दबदबा नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सहयोग चाहता है ताकि इस इलाके को आर्थिक केंद्र बनाया जा सके। ईरान इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर अपनी संप्रभुता बनाए रखने पर जोर दे रहा है।

### ट्रंप ने संघर्ष विराम को ईरान के हित में बताया

दूसरी ओर, ट्रंप ने गुरुवार को लिंकन मेमोरियल रिफलेक्टिंग पूल के पास मीडिया से बात करते हुए संघर्ष विराम लागू होने का दावा किया। उन्होंने कहा, अगर संघर्ष विराम नहीं होता, तो आपको इसका तुरंत पता चल जाता। आपको बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देती। ट्रंप ने यह भी बताया कि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका का प्रस्ताव केवल एक पन्ने का नहीं, बल्कि कहीं अधिक व्यापक है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब तेहरान पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन से मिले संदेश की समीक्षा कर रहा है।

### अमेरिका का व्यापक प्रस्ताव

ट्रंप से जब ईरान के कथित एक पन्ने वाले प्रस्ताव के जवाब के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक पेज का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा प्रस्ताव है जिसमें ईरान के परमाणु हथियार न रखने की शर्त शामिल है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि ईरान अमेरिका को परमाणु धूल और कई दूसरी चीजें देगा जो वे चाहते हैं। यह प्रस्ताव ईरान के साथ संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से दिया गया है।

# 'प्रवासन पर भारत का दृष्टिकोण समग्र और व्यावहारिक'

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले विदेश राज्य मंत्री

**न्यूयॉर्क।** यूएनजीए में भारत ने प्रवासन को सुरक्षित, मानवीय और भविष्य-उन्मुख बनाने पर जोर दिया। साथ ही मानव तस्करी व अनियमित प्रवासन जैसी चुनौतियों पर सख्ती से काम करने की बात कही।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में कहा कि वह प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए तैयार ढांचा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी समस्याओं से भी निपट रहा है।

### प्रवासन सिर्फ आंकड़ा नहीं, लोगों की कहानी भी

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने न्यूयॉर्क में गुरुवार को ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर माइग्रेशन (जीसीएम) के दूसरे अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) की पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, प्रवासन असल में लोगों, उनकी आकांक्षाओं, उनकी मेहनत और समाज में उनके योगदान के बारे में है।



### प्रवासन का प्रबंधन कैसे कर रहा भारत

उन्होंने कहा, हम एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो समावेशी, मानवीय और भविष्य के लिए हो। साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा की कमियों जैसी चुनौतियों का भी समाधान करे। सिंह ने बताया कि भारत प्रवासन को एक 'समग्र और व्यावहारिक' ढांचे (फ्रेमवर्क) के जरिये प्रबंधित करता है, जिसमें प्रवासियों की सुरक्षा, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया के सबसे बड़े और सक्रिय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जिसमें 3.4 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत वैश्विक धन प्रेषण (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला प्रमुख देश है, यह देखता है कि प्रवासन जीवन, समुदायों और राष्ट्रों को कैसे बदल सकता है। भारत ने अब तक 23 देशों के साथ व्यापक द्विपक्षीय आवागमन समझौते और समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और वह कई अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौते करने की दिशा में काम कर रहा है।

### प्रवासी भारतीयों की मदद के लिए क्या कदम उठाए

मंत्री ने विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए भारत की ओर से डिजिटल और तकनीकी के क्षेत्र में उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'मदद' शिकायत निवारण पोर्टल और प्रवासी संसाधन केंद्रों के जरिये कांसुलर सुरक्षा को मजबूत किया गया है। इसके अलावा, पासपोर्ट सेवा ऑनलाइन पोर्टल के जरिये देश और विदेश में भारतीय नागरिकों को समय पर और आसान सेवाएं मिल रही हैं।

# डॉलर के दबदबे को चुनौती: चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता

**वॉशिंगटन।** वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में चीन की करेंसी युआन का बढ़ता दबदबा अमेरिका को परेशान कर रहा है। अब अमेरिकी सांसदों ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश कर ट्रंप सरकार को चेतावनी दी है। आइए जानते हैं कि रिपोर्ट में क्या-क्या है और किसी तरह से चीन, अमेरिका के वित्तीय सिस्टम को चुनौती दे रहा है।

अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं। टेड बड और जीन शाहीन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने की बीजिंग की कोशिश से अमेरिका और उसके साथियों के लिए आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा है।



### अमेरिकी सांसदों ने युआन के बढ़ते प्रभाव पर क्या कहा?

प्रस्ताव के साथ जारी एक बयान में बड ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगातार सहयोग और लगातार सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिकी डॉलर ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर अपना स्टेटस बनाए रखे।' उन्होंने कहा, 'वर्षों से, चीन, अमेरिका और हमारे साझेदारों की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को निशाना बनाते हुए अपने वैश्विक वित्तीय असर को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।'

बड ने चेतावनी दी कि चीन को 'ग्लोबल करेंसी फ्लो को बढ़ाने और दूसरा फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की इजाजत देना नीति की विफलता होगी जो दुनिया की अर्थव्यवस्था को विभाजित कर सकता है। इससे फ्री मार्केट की लगातार ग्रोथ को खतरा हो सकता है, खासकर विकासशील देशों में।' उन्होंने कहा, अमेरिकी डॉलर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिरता और खुशहाली लाने वाली भूमिका बनाए रखनी चाहिए।

शाहीन ने कहा कि डॉलर का दबदबा सीधे तौर पर अमेरिकी आर्थिक ताकत और ग्लोबल असर से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी डॉलर को ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर बनाए रखना न सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था की लंबे समय की स्थिरता और खुशहाली के लिए जरूरी है, बल्कि यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी बहुत जरूरी है।' इसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा का जिक्र है, जिससे पता चलता है कि 1999 में ग्लोबल करेंसी रिजर्व में डॉलर का हिस्सा लगभग 71 फीसदी था, लेकिन 2025 की तीसरी तिमाही तक यह घटकर 56.82 फीसदी रह गया।

### कैसे बढ़ रहा युआन का दबदबा

अमेरिकी सांसदों ने चीन पर नॉन-मार्केट, फिक्स्ड एक्सचेंज रेट बनाए रखने का भी आरोप लगाया गया है। इससे युआन की कीमत कम रहती है और व्यापार में असंतुलन पैदा होता है। सांसदों ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की ओर इशारा किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे विकासशील देशों में चीनी कैपिटल पर निर्भरता बढ़ गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 1,700 से ज्यादा बैंकों ने चीन के क्रॉस-बॉर्डर इंटरबैंक पेमेंट सिस्टम या सीआईपीएस को सब्सक्राइब किया है, जिसे वह स्विफ्ट फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम का विकल्प बताता है। चेतावनी दी गई है कि ताइवान से जुड़े किसी संकट या हिंद-प्रशांत शिपिंग लेन में रुकावट की स्थिति में चीन की पैरेलल फाइनेंशियल सिस्टम बनाने की कोशिशों से पश्चिमी देशों का असर कमजोर हो सकता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका को जरूरी इलाकों के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने चाहिए और बीजिंग के वित्तीय असर का मुकाबला करते हुए विकासशील देशों में ग्रोथ और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सहयोगियों के साथ काम करना चाहिए।

# शालीमार गार्डन पुलिस की शातिर लुटेरों से मुठभेड़, दो आरोपी गिरफ्तार

## कई मामलों में थी आरोपियों की तलाश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह ने बताया है कि थाना प्रभारी अवधेश त्रिपाठी के मुताबिक चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवार बदमाशों ने रुकने के बजाय भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में घायल हुए आरोपी की पहचान वरुण उर्फ शेरू उर्फ गिरगिट निवासी सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है।

वहीं उसके साथी मोहम्मद आमिर उर्फ खन्ना निवासी न्यू मुस्तफाबाद दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और यूपी में स्नैचिंग व लूट की कई वारदातें कबूल की हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी अंतरराज्यीय स्नैचर गिरोह के सदस्य हैं और इनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# 'एक विकसित देश ने कोविड संकट के दौरान की टीके की जमाखोरी, हमने दूसरों की मदद की'

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूरीनाम में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अब वित्त, तकनीक, संसाधनों व भूगोल तक का इस्तेमाल रणनीतिक हथियार के तौर पर किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कोविड वैक्सीन की जमाखोरी को लेकर बड़ा दावा किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलते समीकरणों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में वित्त, संसाधनों, तकनीक, कनेक्टिविटी और भूगोल तक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सूरीनाम समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियां अब बाजार, संसाधनों और प्रभाव का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों को साधने के लिए कर रही हैं। विदेश मंत्री कैरेबियन के तीन देशों के चल रहे दौरे पर हैं, जो 2 से 10 मई तक चलेगा।



जयशंकर ने कहा कि दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही और वैश्विक शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कभी अमेरिका को ऊर्जा आयातक देश माना जाता था, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा निर्यातकों में शामिल हो गया है, जिसका वैश्विक नीतियों पर बड़ा असर पड़ा है।

### बदली व्यवस्था में साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और सूरीनाम जैसे देश एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था देखना चाहते हैं।

# 'अमेरिका की क्यूबा पर हमले की कोई योजना नहीं'

## ट्रंप के साथ बंद कमरे में मुलाकात के बाद बोले लूला

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बंद कमरे में बैठक के बाद ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने दावा किया कि अमेरिका की क्यूबा पर हमला करने की कोई योजना नहीं है। इससे पहले ट्रंप कई मौको पर क्यूबा पर हमले की चेतावनी देते रहे हैं।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने बताया कि उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप का क्यूबा पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। यह बात दोनों नेताओं की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के बाद सामने आई।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने क्या कहा

लूला ने वाशिंगटन में ब्राजील के दूतावास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की लगभग ढाई घंटे तक बंद कमरे में बात हुई। इस बातचीत में क्यूबा और क्षेत्रीय सुरक्षा प्रमुख मुद्दे थे।

उन्होंने बताया कि ट्रंप ने कहा कि उनका क्यूबा पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। लूला ने बताया कि उन्हें जो अनुवाद मिला, उसके अनुसार ट्रंप ने साफ कहा कि वह क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई नहीं चाहते।



### बातचीत करना चाहता क्यूबा: लूला डा सिल्वा

लूला ने इस मुलाकात को अच्छा संकेत बताया। उन्होंने कहा कि क्यूबा बातचीत करना चाहता है और समस्या का हल चाहता है। क्यूबा कई वर्षों से आर्थिक प्रतिबंधों के कारण परेशान है। लूला ने कहा कि ये प्रतिबंध क्यूबा के विकास को रोकते हैं और उसे पूरी तरह स्वतंत्र देश बनने से रोकते हैं।

### अमेरिका ने क्यूबा पर कड़े किए प्रतिबंध

हालांकि, अमेरिका की नीति अभी भी सख्त है। अमेरिका ने हाल ही में क्यूबा पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्यूबा की कुछ कंपनियों पर कार्रवाई की गई है।

इनमें जीएआईएसए नाम की सैन्य कंपनी भी शामिल है। एक खनन कंपनी मोआ निकेल पर भी असर पड़ा है। यह कंपनी क्यूबा और कनाडा की कंपनी शेरिट की साझेदारी में चलती है।

इन प्रतिबंधों के बाद शेरिट कंपनी ने क्यूबा में अपना काम रोक दिया है। अमेरिका का कहना है कि ये कदम क्यूबा सरकार पर दबाव डालने के लिए हैं।

# जर्मनी में कैश लेकर जा रही बैंक वैन के ड्राइवर को बनाया गया बंधक

## पुलिस ने स्थिति को किया काबू

**बर्लिन।** जर्मनी में एक चौंकाने वाला घटना सामने आया है। दरअसल एक कैश लेकर जा रही वैन के चालक को बदमाशों ने बंधक बना लिया है। हालांकि पुलिस ने स्थिति पर काबू कर लिया है।



पश्चिमी जर्मनी के एक छोटे से शहर में एक बैंक वैन के चालक को बदमाशों ने बंधक बनाए। इस घटना से निपटने लिए पुलिस को बुलाया गया। यह जानकारी एक अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। क्षेत्रीय पुलिस ने बताया कि उन्हें कोब्लेंज के पास राइन घाटी में स्थित लगभग 17,000 लोगों के कस्बे सिन्जिग में वोल्क्सबैंक शाखा में हुई घटना की सूचना सुबह लगभग 9 बजे मिली।

**कई अपराधी और बंधक मौजूद हैं:** उन्होंने शुक्रवार सुबह देर से बताया कि उनका मानना है कि बैंक में कई अपराधी और बंधक मौजूद हैं। वहीं, बख्तरबंद वैन का चालक बंधक है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने स्थिति को स्थिर बताया। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल के चारों ओर लगाए गए घेरे के बाहर मौजूद लोगों को कोई खतरा नहीं है।


# भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने सौंपी साख पत्र की प्रति

## दूतावास समारोह में की शिरकत

**बीजिंग।** भारत के नए राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय को अपने साख पत्र की प्रति सौंपी और दूतावास के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वरिष्ठ राजनयिक दुरईस्वामी पहले ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त रह चुके हैं।

भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने चीन के सहायक विदेश मंत्री होंग लेई को अपने साख पत्र (क्रेडेंशियल्स) की एक प्रति सौंपी। दुरईस्वामी ने गुरुवार को भारतीय दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया, जो ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।

**भारतीय दूतावास ने क्या जानकारी दी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में लिखा गया। राजदूत दुरईस्वामी ने बीजिंग में चीन के सहायक विदेश मंत्री और प्रोटोकॉल विभाग के महानिदेशक होंग लेई को अपने साख पत्रों की एक प्रति सौंपी।



दूतावास की पोस्ट में कहा गया कि सभी ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प को याद करते हुए उन्हें सलाम किया। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के निर्दोष पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया गया।

### 7703982533विक्रम दुरईस्वामी कौन हैं?

विक्रम दुरईस्वामी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1992 बैच के अधिकारी हैं। पिछले रविवार को जब वह बीजिंग पहुंचे, तो चीनी और भारत के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। चीन में नियुक्ति से पहले वह ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे।

### मंदारिन भाषा जानते हैं दुरईस्वामी

दुरईस्वामी मंदारिन भाषा जानते हैं और अपने करियर के शुरूआत में उन्होंने हांगकांग और बीजिंग स्थित भारतीय मिशनों में भी काम किया। उनकी यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य झड़प के बाद ये संबंध काफी प्रभावित हुए थे। फिलहाल दोनों देश कई क्षेत्रों में संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें वीजा सेवा और सीधी उड़ानों की बहाली भी शामिल है।

# OpenAI केस की सुनवाई के दौरान जज ने एलन मस्क को लगाई फटकार

**वॉशिंगटन।** ओपनएआई केस में जज ने एलन मस्क को कोर्ट और सोशल मीडिया पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई। जज ने मस्क को खुद दलीलें देने और फिल्मी बातें करने से रोका।

ओपनएआई मुकदमे में अदालत ने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को कड़ी फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान मस्क ने खुद कानूनी दलील देने की कोशिश की। इस पर कैलिफोर्निया की संघीय अदालत की जज इवॉन गोंजालेज रोजर्स ने कहा कि यहां उनकी नहीं, कोर्ट की चलेगी। जज ने सख्त लहजे में कहा कि अदालत की कार्यवाही ऐसे नहीं चलती। बीबीसी के अनुसार, ओपनएआई के सह-संस्थापक एलन मस्क ने कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन और अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन पर चैरिटेबल ट्रस्ट के उल्लंघन और अनुचित आर्थिक लाभ हासिल करने का आरोप लगाया है। ओपनएआई का दावा है कि मस्क यह लड़ाई अपनी एआई कंपनी एक्सएआई को फायदा पहुंचाने के लिए लड़ रहे हैं।

# जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

## यूएन में बोले जर्मन अधिकारी- स्किल्ड वर्कर्स के लिए भारत पसंदीदा देश

**संयुक्त राष्ट्र।** जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम में एक जर्मन अधिकारी ने कहा कि स्किल्ड कामगारों के लिए भारत पसंदीदा देश है।

जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लॉडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया।

गुरुवार को भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित ह्यमाइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठानाꆿ विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक ह्यट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है।



उन्होंने कहा, ह्ययह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है, जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है।

उन्होंने कहा, ह्यअकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दशार्ता हैꆿ उन्होंने आगे कहा, भारत, जर्मनी के खास राजनीतिक और आर्थिक साझेदारों में से एक बन गया है, क्योंकि हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था जैसी साझा मूल्यों और हितों को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा, जब स्किल्ड श्रमिकों के माइग्रेशन की बात आती है, तो भारत हमारे सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है, जैसा कि मेरे चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस साल जनवरी में अपनी भारत यात्रा के दौरान भी कहा था।

### माइग्रेशन प्रक्रिया आसान बना रहे हैं

लॉडी ने कहा कि भारत और जर्मनी ने 2022 में माइग्रेशन एंड मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे स्किल्ड कामगारों, छात्रों और रिसर्चर्स के माइग्रेशन का रास्ता आसान हुआ।

उन्होंने कहा, हम माइग्रेंट्स के लिए जरूरी प्रक्रियाओं को लगातार आसान बना रहे हैं, जैसे डिग्री रिकग्निशन और वीजा प्रक्रिया को तेज और डिजिटल बनाना।

### 60,000 से ज्यादा छात्र जर्मन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे

लॉडी ने आगे कहा कि स्किल्ड माइग्रेशन को बढ़ावा देने के लिए भारत और जर्मनी प्रोफेशनल क्वालिफिकेशन की आपसी मान्यता, साथ ही जर्मन भाषा के कोर्स और परीक्षाओं को ज्यादा स्थानों पर उपलब्ध कराने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार तीन वर्षों से 60,000 से ज्यादा छात्र जर्मन विश्वविद्यालय में पढ़ाई के लिए आ रहे हैं, जिससे वे वहां अंतरराष्ट्रीय छात्र का सबसे बड़ा समूह बन गए हैं।




# 11 करोड़ की निगम भूमि पर चला बुलडोजर नंदग्राम में चला महाभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे महाअभियान के तहत नंदग्राम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निगम की करीब 11 करोड़ 20 लाख रुपये मूल्य की लगभग 1400 वर्गमीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। नगर निगम



संपत्ति विभाग की टीम ने वार्ड संख्या-11 और वार्ड संख्या-6 में अभियान चलाकर खसरा नंबर-228 की भूमि से अवैध कब्जे हटाए। निगम अधिकारियों के अनुसार वार्ड-11 में लगभग 1200 वर्गमीटर तथा वार्ड-6 में करीब 200 वर्गमीटर भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। तय कार्यक्रम के तहत भारी पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। अभियान के दौरान संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर, सुरेंद्र कौशिक समेत निगम टीम मौके पर मौजूद रही। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि संजय त्यागी ने भी कार्रवाई में सहयोग किया।

### जनहित में बनेगा सामुदायिक केंद्र

**करंट क्राइम :** वरिष्ठ संपत्ति प्रभारी एवं अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि नगर निगम आंतरिक वार्डों में भी लगातार अभियान चला रहा है। नंदग्राम में कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर अब जनहित को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना तैयार की जा रही है। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर में सरकारी और निगम की जमीनों को कब्जा मुक्त कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। कब्जा हटाने के बाद इन जमीनों का उपयोग जनहित योजनाओं और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

# गाजियाबाद के लोगों के बीच मनाएंगे जनरल वीके सिंह अपना जन्मदिन : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि यह गाजियाबाद के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि जनरल वी.के. सिंह अपना जन्मदिन मिजोरम राजभवन में मनाने के बजाय शहरवासियों के बीच आकर मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनता का स्नेह और प्रेम उन्हें हमेशा यहां खींच लाता है।

अजय गुप्ता ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें तथा जनरल वी.के. सिंह को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन करें। उन्होंने इसे शहर और नागरिकों के लिए गौरव का अवसर बताया। उन्होंने अंत में ह्लजय हिंद के उद्घोष के साथ सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।



# मेरठ रोड के बंद गोदाम में लगी भीषण आग फायर यूनिट ने पेंट फैक्ट्री को बचाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मेरठ रोड स्थित न्यू पोर फिल्ट्रेशन सिस्टम्स के बंद गोदाम में शुक्रवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में कई फायर टेंडर मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया गया। मौके पर पहुंची फायर टीम ने देखा कि गोदाम पूरी तरह बंद था और अंदर से तेज काला धुआं निकल रहा था। टीम ने तत्काल गोदाम का ताला तोड़कर चार हौज पाइप के जरिए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग तेजी से फैलने पर वैशाली फायर स्टेशन से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि आग की लपटों से गोदाम की बिल्डिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे फायर कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद फायर यूनिट ने गोदाम की पिछली दीवार तोड़कर तेजी से कार्रवाई की और पास में स्थित पेंट फैक्ट्री को आग की चपेट में आने से सुरक्षित बचा लिया। करीब पांच दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फिलहाल मौके पर कूलिंग का कार्य जारी है। हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। गोदाम मालिक का नाम राजेश सिंघल बताया गया है।

# टीलामोड़ साइबर सेल ने ठगी के 50 हजार रुपये कराए वापस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना टीलामोड़ प्रभारी रवि बालियान के नेतृत्व में साइबर सेल पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति के पूरे 50 हजार रुपये वापस कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। हरदेव विहार गली नंबर-05 निवासी चुन्नीलाल के साथ ऑनलाइन वित्तीय ठगी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही साइबर सेल थाना टीलामोड़ पुलिस टीम सक्रिय हो गई और संबंधित बैंकों से संपर्क कर रकम को होल्ड कराया। तकनीकी जांच और लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने ठगी गई पूरी 50 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। रकम वापस मिलने पर




पीड़ित ने गाजियाबाद पुलिस और टीलामोड़ पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति पर सीडीओ कुमार सौरभ ने की समीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगारपरक और प्रशिक्षणदायी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति और लंबित आवेदनों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।



समीक्षा के दौरान जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय पॉलिटेक्निक और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाया जाए।

कुमार सौरभ ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत बैंकों को भेजे गए आवेदनों की स्थिति पर गंभीरता दिखाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधकों और शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र आवेदकों को शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक गाजियाबाद के प्रधानाचार्य तथा जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कुलमोहित सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम एनकाउंटर पर फिर खुली जांच की फाइल गुलफाम की मौत के मामले में गवाहों से मांगे सबूत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। इंदिरापुरम क्षेत्र में हुई चर्चित पुलिस मुठभेड़ और उसमें घायल अभियुक्त गुलफाम की मौत के मामले ने एक बार फिर सुर्खियां पकड़ ली हैं। नगर मजिस्ट्रेट एवं जांच अधिकारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में आम जनता से इस पूरे घटनाक्रम से जुड़े प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साक्ष्य मांगे गए हैं। खास बात यह है कि पहले जारी नोटिस के बावजूद अब तक कोई भी व्यक्ति बयान दर्ज कराने आगे नहीं आया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 3 मार्च 2026 को थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त अपराध, स्वाट टीम और अपराध शाखा की संयुक्त कार्रवाई के दौरान दो अपराधियों के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई थी।

इस दौरान घायल हुए अभियुक्त गुलफाम पुत्र बुनियाद अली निवासी सैदनंगली, अमरोहा की उपचार के दौरान वसुंधरा स्थित अटलांटा अस्पताल में मौत हो गई थी। मामले में थाना इंदिरापुरम में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन द्वारा मजिस्ट्रियल जांच कराने का अनुरोध किया गया।




जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश पर नगर मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि पूर्व में 17 मार्च से 31 मार्च 2026 तक लोगों को बयान और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया।

अब दोबारा सार्वजनिक अपील जारी करते हुए कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस एनकाउंटर से जुड़ी कोई भी जानकारी, फोटो, वीडियो, ऑडियो या अन्य साक्ष्य हैं तो वह एक सप्ताह के भीतर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। पुलिस मुठभेड़ और उसके बाद आरोपी की मौत को लेकर पहले से चर्चा में रहे इस मामले में अब दोबारा साक्ष्य जुटाने की कवायद ने कई सवालों को फिर जिंदा कर दिया है।

# मेरठ जिला कार्यसमिति एवं प्रशिक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**मेरठ, करंट क्राइम।** आगामी 16-17 मई को आयोजित होने वाली मेरठ जिला कार्यसमिति एवं जिला प्रशिक्षण अभियान की व्यवस्थाओं को लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा के मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक सफायर होटल मेरठ में संपन्न हुई, जिसमें प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत व्यवस्थाओं और संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अजय चोपड़ा ने वर्ग प्रभारी के रूप में बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं



एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया।

इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों और व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रशिक्षण अभियान से जुड़े विषयों, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संगठनात्मक मजबूती और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

# लोहा मंडी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी से की बैठक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय वसुंधरा में क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह के साथ बैठक की। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों को विभाग से आ रही समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की गई तथा एक ज्ञापन भी सौंपा गया। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों और उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उद्यमियों और व्यापारियों को आश्वस्त किया कि प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने सभी इकाइयों से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील भी की।

इस अवसर पर डॉ. अतुल कुमार जैन समेत प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने और नियमों का




पालन करने का आश्वासन दिया। बैठक में बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र संगठन के पदाधिकारी अनिल तनेजा और सौरव मित्तल भी मौजूद रहे। उन्होंने भी उद्योगों से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। बैठक में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से डॉ. अतुल कुमार जैन, अंबरीश जैन, हंस कुमार जैन, नवीन जैन, नवनीत गुप्ता और अजय जैन उपस्थित रहे। वहीं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से विपुल कुमार भी मौजूद रहे।

# मासूम से दरिंदगी के दोषी को उम्रकैद, ऑपरेशन कन्विक्शन से मिली सजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या करने वाले दरिंदे को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट नंबर-2 गाजियाबाद ने


आरोपी विशाल निवासी ग्राम खरजीवनपुर खिमावती थाना मुरादनगर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास समेत कुल 1 लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

दिल दहला देने वाली यह वारदात 20 अप्रैल 2024 की है। आरोपी ने वादी की 4 वर्षीय भतीजी को बहला-फुसलाकर सुनसान खंडहर में ले जाकर उसके साथ दरिंदगी की और बाद में उसकी हत्या कर शव छिपाने का प्रयास किया। घटना के बाद थाना मुरादनगर में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी उ0नि0 मुकेश सोलंकी द्वारा साक्ष्यों के आधार पर मजबूती से की गई। वहीं पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल ने विशेष लोक अभियोजक सतीश कुमार शर्मा के साथ लगातार समन्वय बनाकर अदालत में प्रभावी पैरवी की। अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए ठोस साक्ष्यों और मजबूत दलीलों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए कठोर सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी को धारा 6 पॉक्सो एक्ट व धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 377 में 10 वर्ष कठोर कारावास, धारा 363 में 5 वर्ष तथा धारा 201 में 3 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कुल 1 लाख 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

गाजियाबाद पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत लगातार गंभीर अपराधों में दोषियों को सजा दिलाई जा रही है। इस फैसले को मासूम बच्ची को न्याय दिलाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## हापुड़ में गंगा में डूबे चार युवकः परिजन की अस्थि विसर्जन के दौरान हुआ हादसा

**हापुड़।** शुक्रवार को ब्रजघाट गंगा में अस्थि विसर्जन करते दिल्ली के चार युवक तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे। नाविकों और गोताखोरों ने उन्हें सकुशल बचाया। प्रदीप अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने गहरे पानी से बचने की अपील की। हापुड़ के ब्रजघाट गंगा तट पर शुक्रवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। अस्थि विसर्जन करने आए चार युवक गंगा के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे। मौके पर मौजूद नाविकों और गोताखोरों की तत्परता से सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के तनिष, पीयूष, सुमित और प्रदीप अपने परिजन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए ब्रजघाट पहुंचे थे।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड से मुलाकात की। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की गेंहू खरीद नीति के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के अनुपालन में आ रही विसंगती तथा दिक्कतों के संदर्भ में जिलाधिकारी को अवगत कराया। गेंहू खरीद का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतू जिलाधिकारी से कई बिंदुओं पर चर्चा की।

# खोड़ा मंडल में कार्य समिति की बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर दिया जोर




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मंडल में आगामी कार्यक्रमों और संगठन के विस्तार को लेकर कार्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की कार्यप्रणाली और जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बतौर मंडल प्रवासी विनोद कसाना ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय रहने और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष जीतू राय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर योगेश भाटी, देवेन्द्र गिरी, देवेन्द्र यादव, ज्ञानेन्द्र चौहान, विजेन्द्र नेगी, सुमन जाटव, सुनीता अरोड़ा। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष जीतू राय ने सभी का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि खोड़ा मंडल में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे।

अंत में संगठन की आगामी कार्ययोजना को लेकर सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार साझा किए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।